13- FEB- BSP- P-1_Layout 1 2/14/2025 12:13 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 18.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

रतनपुर रोड व आसपास के गांवों में पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है।

खबर संक्षेप

घर से 5 तोला सोने की चेन व नकद पार

बिलासपुर। मार्निंग वाक पर गई बुजुर्ग महिला के घर से 5 तोला सोने की चेन व नकद रकम चोरी कर ली गई है। उन्होंने नौकरानी पर चोरी करने का संदेह जताया है। पुलिस जांच में जुट गई है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, महिमा नगर निवासी बुजुर्ग जी श्यामंति घर में अकेले काम करती है। उनके घर में पूर्णिमा चौरसिया साफ सफाई का काम करती है। 12 जनवरी की सुबह वह मार्निंगवाक पर चली गई थीं। आधा घण्टे बाद वे घर लौटीं तो नौकरानी काम कर रही थी। उन्होंने सब्जी खरीदने के लिए अपना पर्स खोला तो उसमें रखी 5 तोला सोने की चेन व 150 रुपए नकद नहीं थे। उन्होंने नौकरानी से पूछताछ की, किन्तु उसने अनभिज्ञता जाहिर की। जी श्यामंति ने घटना की रिपोर्ट थाने में लिखाई और नौकरानी पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

मंडल समन्वयक का अग्निहोत्री ने पदभार ग्रहण किया

बिलासपुर। एसईसीआर बिलासपुर रेल डिवीजन में मंडल समन्वयक का पदभार विजय अग्निहोत्री ने ग्रहण कर लिया है। गुरुवार को विजय अग्निहोत्री ने बिलासपुर रेल मंडल कार्यालय में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। इस दौरान सदस्यों ने मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर आरके यादव, बी कृष्ण कुमार, डी महेश, राजकुमार सांडे, साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस के प्रवक्ता गोपी राव आदि मौजूद थे।

» बैराज बनने के बाद से रूका पानी दे रहा संक्रमण को निमंत्रण

» कचरे की वजह से ही हुआ है ये हाल

प्रदूषण की चपेट में अरपा, गाद के कारण हो गई मैली

शिवघाट व रपटा बैराज के पास रोके गए पानी में जलकुंभी व गंदा पानी से हो रहा संक्रमण, पनप रहे मच्छर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की एकमात्र जीवनदायिनी नदी अरपा इन दिनों प्रदूषण की चपेट में है। शहर भर की नालियों का पानी, दोनों ओर बन रही सड़क और घरेलू कचरे की वजह से इसका स्वरूप ही खराब हो चुका है। वहीं इसके जीवंत बनाने की योजना अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

बिलासपुर सहित संभाग के लिए जल का बड़ा स्त्रोत मानी जानी वाली अरपा बदहाल है। साल भर पानी भरे होने का दावा करते हुए अरपा नदी पर दो बैराज बनाए गए हैं, लेकिन यही बैराज अरपा के लिए दिक्कतें पैदा कर रहे हैं। गेट बंद होने की वजह सरकंडा शिवघाट और रपटा बैराज के पास पानी रोका गया है, जिससे संक्रमण और मच्छर पनप रहा है। हालत यह है कि शाम होते ही यहां से होकर गुजरना लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। हालांकि जल संसाधन विभाग ने रपटा बैराज से थोड़ी दूर पर कांक्रीट का बैरल बनाया है, इससे अरपा में जा रहा जवाली नाले का पानी बैराज से बाहर निकल रहा है, लेकिन शहर के कई हिस्सों से नालियों रास्ते अरपा में गंदा पानी जा रहा है, जिससे अरपा नदी में गंदगी पसरी हुई है, यही कारण है कि पानी रहते हुए नदी में काई और जलकुंभी पनप रही है, जिसके कारण आसपास दुर्गंध फैल रही है।

कई महीनों से है काम बंद

जानकारी के अनुसार बैराज का करीब 20 करोड़ रूपए का काम होना बाकी रह गया है, इसके लिए बजट पुनरक्षित किया गया है और प्रशासनिक स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। ठेकेदार को भी करोड़ों रूपए का बकाया भुगतान नहीं हो सका है, ऐसे में बैराज के काम अब तक पेंडिंग हैं। जल संसाधन विभाग ने 30 जून तक ठेकेदार को एक्सटेंशन भी दे दिया है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार 90 फीसदी काम पूरा किया जा चुका है। बता दें 100 करोड़ की लागत से बन रहे बैराज में देरी की वजह से ही बजट बढ़कर 120 करोड़ रूपए हो चुका है।

अधिकांश काम पूरे हो गए

बैराज के ज्यादातर काम पूरे हो चुके हैं, जिस काम की प्रशासकीय स्वीकृति पुनरीक्षित की जा रही है, वह पूर्व की है। इसे अभी स्वीकृति नहीं मिली है। आचार संहिता हटने के बाद स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। इसके बाद काम पूरा हो सकेगा।

-मधु चंद्रा, ईई, जल संसाधन विभाग

हाईकोर्ट नाराज, कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नदी के वर्तमान स्वरूप व सिस्टम को लेकर चीफ जस्टिस ने जताई नाराजगी

अरपा के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने नदी की हालत पर टिप्पणी करते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने माफिया और कानून तोड़ने वालों पर मीसा की कार्रवाई की बात कही है।

बिलासपुर स्थित अरपा के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दाखिल जनहित याचिकाओं की छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एकसाथ सुनवाई हो रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि अरपा की हालत बेहद खराब है। नदी में घास उग आई है। लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। रेत के बेतहाशा उत्खनन के कारण नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है। अरपा खोखली हो गई है। माफिया की ओर इशारा करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि दिक्कत ये है कि आप कोई भी कानून बनाइए, ये अपनी ताकत दिखाने के लिए उसे तोड़ देंगे, आप मूकदर्शक बने रहेंगे। सिस्टम को लेकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने राज्य शासन के अधिवक्ताओं से पूछा कि अमला होने के बाद इस पर प्रभावी रोक नहीं क्यों नहीं लग पा रही है। नाराज डिवीजन बेंच ने यहां तक कहा कि गंभीर घटना सामने आती है तो कोर्ट दोषी अफसरों के साथ-साथ संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगा। जनहित याचिका की सुनवाई दौरान डिवीजन बेंच ने अरपा सहित प्रदेश की नदियों में रेत के नाम पर की जा रही अवैध खुदाई को लेकर नाराजगी जताई। नाराज डिवीजन बेंच ने पर्यावरण के खिलाफ काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात भी कही। पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में नियमों को तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

अभयनारायण, मनिहार और इशहाक कांग्रेस से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम चुनाव के बाद कांग्रेस में भितराघात, खुलाघात के आरोपों और कार्रवाई का सिलसिला जारी है। ताजा आरोप कांग्रेस के प्रवक्ता अभयनारायण राय के अलावा मनिहार निषाद और इशहाक कुरैशी पर लगा है, इन सभी पर वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर के कांग्रेस प्रत्याशी ने भितराघात की शिकायत की है, इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने तीनों को आगामी 6 साल के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

- वार्ड क्रमांक 42 में भितराघात करने का आरोप

श्री केशरवानी द्वारा इस संबंध में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष से लेकर अन्य वरिष्ठ नेताओं को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। वरिष्ठ नेताओं को श्री केशरवानी द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार नगर पालिक निगम बिलासपुर चुनाव 2025 में वार्ड क्रमांक 42 चंद्रशेखर आजाद नगर (देवरीखुर्द) से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी श्री ब्रम्हदेव सिंह ठाकुर द्वारा लिखित शिकायत की गई है, इसके अनुसार उनके वार्ड पार्षद चुनाव में कांग्रेस पार्टी के नेता अभयनारायण राय, मनिहार निषाद और इशहाक कुरैशी ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते हुए उन्हें हराने के लिए काम किया है। उपरोक्त तीनों की पार्टी विरोधी गतिविधियों से पार्षद प्रत्याशी और कांग्रेस पार्टी को गंभीर नुकसान हुआ है। अतः ब्रम्हदेव सिंह ठाकुर की लिखित शिकायत के आधार पर शअभयनारायण राय, मनिहार निषाद और इशहाक कुरैशी को कांग्रेस पार्टी से भितरघात, अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया जाता है।

जिला अध्यक्ष को अधिकार नहीं

वार्ड क्रमांक 42 में मेरे पास कोई जिम्मेदारी नहीं थी, महापौर प्रत्याशी प्रमोद नायक ने मुझे मानिटरिंग की जिम्मेदारी दी थी, मैं प्रदेश प्रवक्ता हूं, जिला अध्यक्ष को प्रदेश प्रवक्ता पर कार्रवाई का अधिकार नहीं है।

-अभय नारायण राय

शहर कांग्रेस ने भी तीन को किया निष्कासित

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने बताया कि वार्ड 35 नागोराव शेष नगर से कांग्रेस प्रत्याशी आदेश पांडेय का शिकायत पत्र प्राप्त हुआ। इसमें उन्होंने वार्ड 35 नागोराव शेष नगर के कांग्रेसी पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) सीमा पांडेय, आईटी सेल राहुल ठाकुर, आईटी सेल के लल्ला सोनी ने चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी के विरुद्ध प्रचार- प्रसार कर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है, जिससे चुनाव में कांग्रेस को नुकसान हो सकता है उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इस पत्र के आधार पर सीमा पांडेय, राहुल ठाकुर एवं लल्ला सोनी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल इन्हें 6 वर्षों के लिए कांग्रेस पार्टी से निष्काषित कर दिया गया है।

जिलाबदर के दौरान गांव में घूम रहा था हिस्ट्रीशीटर, गिरफ्तार

बिलासपुर। जिलाबदर के दौरान गांव में बेखौफ होकर घूम रहे हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में भी एक जिलाबदल बदमाश घूमते हुए पकड़ा गया था।

एसपी रजनेश सिंह ने गुण्डा बदमाशों पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए उनके अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए जिलाबदर करने कलेक्टोरेट प्रस्ताव भेजा गया था। 3 दिसंबर 2024 को कलेक्टर ने पचपेड़ी निवासी संदीप उर्फ राजू मधुकर को आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए 6 माह के लिए जिलाबदर करने का आदेश दिया गया, साथ ही उसे जिला व सीमावर्ती जिला के सीमाओं से बाहर भेजने कहा गया था। पुलिस ने आदेश का पालन करते हुए उसे नोटिस थमाकर सीमावर्ती जिला से बाहर कर खानापूर्ति कर ली। कुछ समय बाहर रहने के बाद हिस्ट्रीशीटर संदीप उर्फ राजू मधुकर गांव में घूमने लगा। सूचना पर पुलिस ने गांव में दबिश देकर उसे पकड़ लिया है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14, 15 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि पूर्व में सकरी क्षेत्र में एक हिस्ट्रीशीटर जिलाबदर के दौरान बेखौफ घर में रहकर सकरी क्षेत्र में घूम रहा था।

अपोलो हास्पिटल रोड की फिर नापजोख शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह स्थित अपोलो हास्पिटल मार्ग की फिर से नापजोख शुरू हो गई है। इस मार्ग पर दोनों तरफ बेजा-कब्जा है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। गुरुवार को नगर निगम की टीम इस सड़क की नापजोख करने पहुंची थी और सड़क के किनारे जितने लोगों का बेजा-कब्जा है, उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी चल रही है।

- बेजा-कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने की तैयारी

अपोलो हास्पिटल से बसंत बिहार चौक एवं मानसी लॉज तक लगभग 24 मीटर चौड़ी सड़क बननी है। इस मार्ग की पहले भी नगर निगम और राजस्व विभाग की टीम द्वारा मिलकर नापजोख की गई थी। अब फिर से इस मार्ग की नापजोख की जा रही है और आज अपोलो हास्पिटल से बसंत बिहार चौक एवं मानसी लॉज तक नापजोख की गई है। इस मार्ग पर 150 से अधिक लोगों का सड़क किनारे बेजा कब्जा है। इन सभी बेजा कब्जाधारियों को नोटिस जारी करने की तैयारी चल रही है। अपोलो हास्पिटल मार्ग की चौड़ाई बेजा-कब्जा के चलते कम हो गई है और यह सड़क बहुत सकरी हो गई है। इसके चलते सड़क पर ट्रैफिक बेतरतीब रहती है। यहां तक आपात स्थिति में मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों को भी इस सड़क से गुजरने में काफी समस्या होती है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सड़क किनारे की जमीन पर कई लोगों ने बेजा-कब्जा मकान, दुकान आदि बना लिए हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई नहीं रह गई है।

संयुक्त टीम ने की थी रिपोर्ट तैयार

पिछले साल नगर निगम आयुक्त ने अपोलो हास्पिटल, बसंत बिहार चौक मार्ग की नापजोख के लिए नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की थी। इस टीम द्वारा कई दिनों तक इस मार्ग पर नापजोख की गई थी। चांटीडीह रपटा के पास लेकर अपोलो हास्पिटल तक तथा अपोलो हास्पिटल से बसंत बिहार चौक एवं वहां से राजकिशोरनगर चौक तरफ की सड़क की नापजोख कर टीम द्वारा सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई थी। इसमें बड़ी संख्या में सड़क की जमीन पर मकान, दुकान आदि का निर्माण होना पाया गया था।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

सुमीत बाजार
बिलासपुर में आज का स्पेशल ऑफर
विश्व स्तरीय प्रीमियम ब्रांड्स के ऑफिस वियर 100% कॉटन
कार्पोरेट वियर एवं अधिवक्ताओं के लिये के लिये स्पेशल ऑफर
व्हाईट शर्ट
MRP. 2199 & above वाली
₹426 में
साईज उपलब्धतानुसार
बाजार मूल्य ₹999 से अधिक वाली डबलबेड
बेडशीट 1+2
₹299 में
आकर्षक पैकिंग में
*condition apply
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर रविवार तक
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

खबर संक्षेप

विधायक अटल ने महाकुंभ में लगाई डुबकी, प्रदेश के लिए की मंगल कामना



बिलासपुर। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव प्रयागराज पहुंचकर पवित्र कुंभ के दौरान संगम में डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के लिए मंगल कामना की। विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा की कुंभ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाकर 144 वर्षों बाद होने वाले कुंभ के पुण्य का लाभ मेरे विधानसभा क्षेत्र व प्रदेश के निवासियों को मिले। कोटा विधानसभा और छत्तीसगढ़ बिलासपुर शहर शांति समृद्धि का प्रतीक बना रहे। यही मां गंगा से प्रार्थना है। श्री श्रीवास्तव ने परिवार और इष्ट मित्रों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

परमात्मा नई सतयुगी सृष्टि की स्थापना का कार्य कर रही: मंजू

बिलासपुर। प्रभु दर्शन भवन टिकरापारा में सतगुरु वार का भोग स्वीकार कराया गया। इस अवसर पर बीके मंजू ने कहा कि नई सृष्टि के लिए नया संस्कार धारण करना आवश्यक है। पुराने संसार में वैभव व साधनों का सुख अल्पकाल का है। इससे मुक्त होने में पुराने संस्कार बाधक हैं। परमात्मा नई सतयुगी सृष्टि की स्थापना का कार्य कर रही है। उन्होंने साधकों को बताया कि एक परमात्मा की याद से पुराने संस्कार और पुराने संसार का आकर्षण समाप्त हो जाते हैं। परिवर्तन के लिए संकल्पों में दृढता आवश्यक है। प्रतिज्ञा और कर्म में अगर समानता नहीं है तो प्रतिज्ञा बोझ बनकर रह जाएगी। संकल्प में भी किसी भी विकार की कमजोरी, व्यर्थ बोल, व्यर्थ भावना, घृणा व ईर्ष्या की भावना पाप के खाते को बढ़ाती है। अतः राजयोग के अभ्यास से पुण्य का खाता बढाओ। अंत में सभी ने परमात्मा की याद में भोग ग्रहण किया।

भारतीय किसान संघ ने की धान खरीदी के भुगतान की मांग

बिलासपुर। भारतीय किसान संघ ने किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान तत्काल करने की मांग प्रदेश सरकार से की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने बताया कि छग शासन द्वारा इस वर्ष प्रदेश के किसानों से 14 नवंबर से 31 जनवरी तक धान खरीदा गया। जिसका भुगतान प्रारंभ में किसानों को 72 घंटे के भीतर किया जाता था। वर्तमान में प्रदेश के कई जिलों से यह सूचना मिल रही है कि 20 जनवरी के बाद खरीदे गए धान का भुगतान सही तौर से किसानों को नहीं हो पाया है। भुगतान नहीं होने के कारण किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपने ही उपज के भुगतान के लिए बार-बार बैंकों के चक्कर लगाने मजबूर हैं। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन से किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान तत्काल करने की मांग की है।

बेरोजगारों के लिए बनाई गई लाखों की गुमटी हो रही बर्बाद

बिलासपुर। लाखों रूपए की लागत से बनी गुमटी बर्बाद हो रहा है। सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने गुमटी का निर्माण कराया था। जिसे आज तक आवंटित नहीं किया गया हैं। कई गुमटियों में स्थानीय निवासी अवैध रूप से कब्जा कर दुकान चला रहे हैं। शहर के तोरवा क्षेत्र में 20 वर्ष पूर्व युवाओं को खुद का रोजगार प्रारंभ करने प्रशासन द्वारा गुमटी का निर्माण कराया गया था। दर्जन भर से अधिक गुमटी को बनाने में लाखों रूपए खर्च किया गया था। लेकिन आज तक इन्हें आवंटित नहीं किया गया। देखरेख के अभाव में आधा से ज्यादा गुमटी जर्जर हो चुकी है। कई गुमटियों का शटर गायब हो चुका है। वहीं कई गुमटियों से पानी रिस रहा है। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर दुकानदारी चला रहे हैं।

डीपी कॉलेज के छात्रों ने रंगमंच के कई पहलुओं से अवगत हुए

बिलासपुर। संगम नाट्य समिति द्वारा डीपी विप्र कॉलेज में आयोजित 20 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन हो गया। इन 20 दिनों में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगमंच के कई पहलुओं से अवगत हुए, जिसमें बॉडी लैंग्वेज, बॉडी मूवमेंट, डायलॉग डिलीवरी, भाषा, थिएटर गेम्स, शैली, म्यूजिक, डांस और आर्ट एण्ड क्राफ्ट की जानकारी देकर अभ्यास कराया गया। कार्यशाला के निर्देशक शैलेंद्र मणि कुशवाहा ने बताया कि कार्यशाला की परिकल्पना के समय से ही कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू शुक्ला का विशेष मार्गदर्शन रहा। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद तैयार नाटक का मंचन किया जाएगा। इसकी तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। नाट्य कार्यशाला में भारतेंदु हरिशचन्द के नाटक अंधेर नगरी की तैयारी की गई। जिसका मंचन चुनावी प्रक्रिया के बाद किया जाएगा। नाटक पूर्णतः हास्य विनोद से भरपूर है। मंचन की तारीख जल्दी ही निर्धारित की जाएगी। नाट्य कार्यशाला में संगम के निर्देशक शैलेन्द्र कुशवाहा के निर्देशन में मोहित बंशीवाल ने बच्चों को नाट्य अभ्यास कराया। कार्यक्रम में अंजली जायसवाल, नंदिनी शर्मा, मोहित बंशीवाल, आकांक्षा ठाकुर, आंचल गुप्ता, किरण कश्यप, बासु यादव, रिद्धि टंडन, डेनिम साहू, अमिषा ध्रुव आदि की सहभागिता रही।

निकाय चुनाव — 468 लोगों को जारी किया गया एनओसी, बकाया टैक्स जमा करने पर ही दिया गया प्रमाणपत्र

एनओसी जारी करने के बहाने निगम ने कमाए 50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव के बहाने नगर निगम ने एनओसी जारी करके 50-55 लाख रुपए की कमाई की है। यह राशि टैक्स के रूप में निगम में जमा हुआ है, क्योंकि नगरीय निकाय चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं एवं उम्मीदवारों को एनओसी बकाया टैक्स जमा करने के बाद ही निगम से एनओसी मिलता है। नगर निगम में चुनाव के समय 474 लोगों ने एनओसी के लिए आवेदन लगाया था, जिसमें से 468 लोगों को एनओसी जारी किया गया है।

नगर पालिका आम निर्वाचन के अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर से चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा नो-ड्यूज सर्टिफिकेट के लिए आवेदन देने का सिलसिला पिछले माह के शुरूआत से चालू हो गया था, इसलिए नगर निगम ने अपर आयुक्त खंजाची कुम्हार को नो-ड्यूज सेल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया था। नो-डयूज सर्टिफिकेट तैयार के लिए निगम के विकास भवन कार्यालय के प्रथम तल में राजस्व निरीक्षक के पास आवेदन जमा करने की व्यवस्था बनाई गई थी। इन आवेदनों पर सभी जोन कमिश्नरों, संबंधित शाखाओं से राजस्व अधिकारी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर नो-ड्यूज सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए गए थे। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही नगरीय निकाय चुनाव लड़ने वाले दावेदार अपना बकाया टैक्स जमा करने लगे थे, क्योंकि बकाया टैक्स जमा करने पर ही उनको निगम द्वारा नो ड्यूज, एनओसी जारी किया जाता।

एनओसी के लिए निगम में आवेदन लगाने के बाद आवेदक का बकाया टैक्स का हिसाब निकाला गया और टैक्स जमा कराने के बाद एनओसी जारी किया गया। नगर निगम में एनओसी के लिए 474 लोगों ने आवेदन लगाया था, जिसमें से निगम ने टैक्स जमा कराने के बाद 468 लोगों को एनओसी जारी किया है और इन लोगों से एनओसी के बहाने लगभग 50-55 लाख राशि बकाया टैक्स जमा कराया गया है। इसके अलावा बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर 6 लोगों का एनओसी निरस्त भी किया गया है।

लेना पड़ता है चार तरह का नो-ड्यूज

नगर निगम से चार तरह का नो ड्यूज लेना पड़ता है। निगम में प्रापर्टी टैक्स, जल कर, संपदा व बाजार टैक्स बकाया तो नहीं है, इसका नो ड्यूज लेना पड़ता है। अगर किसी नेता, प्रत्याशी का उक्त चार में से कोई भी टैक्स बकाया होता है तो उन्हें नो ड्यूज नहीं मिलता है और उन्हें पहले अपना बकाया हिसाब पूरा करना पड़ता है उसके बाद नो ड्यूज जारी किया जाता है। नगर निगम चुनाव को देखते हुए नगर निगम द्वारा नो ड्यूज के लिए अलग से व्यवस्था बनाई गई है और निगम कार्यालय विकास भवन के प्रथम तल स्थित संपत्तिकर शाखा से नो डयूज के लिए आवेदन लिया जा रहा है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर समस्त जोन कमिश्नरों और संबंधित शाखा से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ही नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

नो ड्यूज लेने वालों में भाजपा व कांग्रेस सहित निर्दलीय भी

निगम की ओर से जिन 468 लोगों को नो ड्यूज जारी किया गया है, उनमें महापौर के भाजपा एवं कांग्रेस के प्रत्याशी सहित अन्य दलों, निर्दलीय प्रत्याशी के अलावा पार्षद के दोनों ही पार्टी के प्रत्याशियों एवं बड़ी संख्या में निर्दलीय और राजनीतिक दलों के बागी उम्मीदवार भी शामिल हैं। इन्होंने नगर निगम चुनाव लड़ने के ध्येय से ही अपना बकाया टैक्स जमा करके निगम से नो ड्यूज प्राप्त किया था।

निगम को मिला है राजस्व

चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को एनओसी लगता है, इसलिए चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों द्वारा एनओसी के लिए नगर निगम में आवेदन दिया गया था। उन लोगों को जितने तरह का टैक्स बकाया था, वह जमा कराने के बाद उन्हें एनओसी जारी किया गया है। एनओसी जारी करने से निगम में लगभग 50-55 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है।

-सचिन गुप्ता
जोन आयुक्त, नगर निगम

स्टेशन के यात्री तो दूर शहर के लोगों को भी सस्ती दवाई की सुविधा नहीं मिल रही

24 घंटे के स्थान पर केवल एक घंटे ओपन रहता है जन औषधि केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन के सामने भारतीय जन औषधि केन्द्र की दुकान खोली गई है, जहां मार्केट में मिलने वाली दवाई की कीमत से 50 से 90 फीसदी कम कीमत पर दवाई लोगों को दी जाएगी। इसका वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नें किया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ दिन बाद से ही दुकान का शटर बंद हो गया। यहां 24 घंटे के बजाय केवल एक घंटे ही शटर ओपन होने के कारण स्टेशन के यात्री तो दूर शहर के लोगों को भी सस्ती दवाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

ट्रेनों में प्रतिदिन लाखों की संख्या में सफर करते हैं। इसमें कई बीमार यात्री भी होते हैं, जिन्हें समय पर दवाई नहीं मिल पाती है। ऐसे यात्रियों के साथ किसी न किसी तरह की परेशानी हो जाती है। इसी तरह का हाल स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों का भी होता है। कई बार बीमार यात्री सफर करने के दौरान अपनी दवाईयां भूल भी जाते हैं। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर दवाई दुकान की सुविधा दी थी। इसी तरह के स्टॉल पूर्व में बिलासपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 पर नागपुर की ओर एफओबी के नीचे भी दिए गए थे, जहां सर्दी, खांसी लेकर कई बीमारियों की दवाईयां भी उपलब्ध थी। रेल प्रशासन ने स्टॉल की सुविधा जिस स्थान पर दी थी, वह स्टॉल कई यात्रियों को नजर ही नहीं आते थे, जिसके कारण दवाई दुकान के संचालक को काफी नुकसान हो रहा था। संचालक ने दवाई दुकान को बंद कर दिया। वर्तमान में दवाई दुकान के स्थान पर अब स्टॉल को खान-पान के लिए आबंटित कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड के आदेश पर एक बार फिर रेल प्रशासन ने जन औषधि केन्द्र को खोलने का काम शुरु किया गया। यह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र स्टेशन प्लेटफार्म के बजाय अब रेलवे स्टेशन के सामने खोला गया, ताकि स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों के अलावा शहर के लोगों को भी अच्छी दवाई और सस्ती दवाई की सुविधा मिल सके।

रेलवे की जमीन पर ओपन होने वाला प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र कोच रेस्टोरेंट के सामने बनाया गया, जहां 24 घंटे के बजाय दिन भर में एक घंटे के लिए ही दुकान का शटर ओपन रहता है।

कम कीमत पर उपलब्ध

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना पीएमबीजेपी का उद्देश्य गुणवत्तायुक्त जेनरिक दवाईयां लोगों को कम कीमत पर उपलब्ध कराना है, ताकि स्वस्थ्य सेवाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच सके। रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ यात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ व किफायती बनाने की दिशा में अहम पहल है। जन औषधि केन्द्र में उच्च गुणवत्ता की दवाईयां, जेनरिक रूप में उपलब्ध कराना है, जो ब्रांडेड दवाइयों के मुकाबले 50 से 90 फीसदी तक कीमत पर लोगों को बिक्री करने का आदेश है। रेलवे स्टेशन पर इस प्रकार की सुविधा से यात्रियों और स्थानीय जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में राहत देना है, खासकर उन लोगों को जिनके पास दवाइयों की खरीद के लिए सीमित संसाधन होते हैं।

स्टॉक की कमी

प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र की सुविधा यात्रियों और अन्य सभी लोगों के लिए है। दुकानदार के पास संभवतः दवाईयों के स्टॉक की कमी है। दवाईयों को उसने मंगाया है, जिसके आने के बाद दुकान ओपन हो जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

त्रिपुर आटो में चेतक ईवी इलेक्ट्रिक बाइक का मॉडल 3501 एवं 3502 लांच

बिलासपुर। त्रिपुर ऑटो के नवीनतम प्रतिष्ठान सीपत रोड सरकंडा में चेतक ईवी इलेक्ट्रिक बाइक का नया अवतार 3501 एवं 3502 की लॉन्चिंग ग्राहकों की उपस्थिति में किया गया। चेतक ईवी- 3501 एवं 3502 कई खुबियों से परिपूर्ण है। इसमें 153 किमी के रेंज के साथ 70 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से चलने की क्षमता है।

संस्था के प्रबंधक ने बताया कि इन दोनों मॉडल की गाड़ियों में फ्रंट डिस्क ब्रेक होने से कंट्रोलिंग पावर और अधिक तीब्र एवं शीघ्रता से काम करता है। बजाज चेतक ईवी के सभी मॉडल्स में मेटल बाड़ी का होना प्रमुख विशेषता है। इस बाइक में आराम दायक चौड़ी सीट एवं डिजिटल मीटर डिस्प्ले तथा सीट के नीचे पर्याप्त खाली जगह आटो लाक से सुरक्षित है। जो सभी वर्गों के लिए उपयुक्त है। चेतक इलेक्ट्रिक गाड़ी की वजन धारण क्षमता को देखते हुए व्यापारियों की पहली पसंद बन चुकी है। लॉन्चिंग के पूर्व ही इस मॉडल की सभी गाड़ियां बुक हो चुकी थीं, जिसकी डिलिवरी लॉन्चिंग के उपरांत किया गया। त्रिपुर आटो के तीनों प्रतिष्ठानों के शो रुम में चेतक के सभी माडल्स विभिन्न आकर्षक रंगों में उपलब्ध है।

बिजनेस प्लस

एजुकेशन प्लस

एलन के स्टूडेंट्स को 98 पर्सेंटाइल से ज्यादा मिला स्कोर, मनाया जश्न

बिलासपुर। कोचिंग संस्थान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में जेईई मेन-2025 के शानदार परिणामों का जश्न मनाया गया। संस्थान के हेड शुभम नंदवाना और फैकल्टी सदस्यों ने टॉपर्स को सम्मानित किया। केक काटकर उत्सव मनाया गया। एलन के सेंटर हेड ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अथक परिश्रम और हमारे अनुभवी शिक्षकों की समर्पित शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया है। 10 शिफ्टों में हुई परीक्षा में 14 स्टूडेंट्स ने 100 एनटीए स्कोर प्राप्त किया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर से कोमल मांगतानी ने 99.6530568, धीरज चौहान ने 98.9430111 और रजत साहू ने 98.2062637 पर्सेंटाइल हांसिल की। वहीं महक अग्रवाल 97.8960603, अरिहंत दीक्षित 96.3574706, गुरवीर सिंह खनूजा 95.0761514 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर के सेंटर हेड शुभम नंदवाना ने बताया कि एलन बिलासपुर के 3 स्टूडेंट्स ने 98 पर्सेन्टाइल से ज्यादा स्कोर किया हैं। जारी किए रिजल्ट में 44 स्टेट टॉपर्स की सूची भी जारी की गई है।

कोर एकेडमी के ध्रुव, अथर्व व मानसी ने लहराया सफलता का परचम

बिलासपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जेईई मेंस फेस-1 का रिजल्ट जारी किया गया। इसमें कोर एकेडमी के ध्रुव हितेश चावड़ा 98.78, अथर्व बेहार 96.30 व मानसी यादव ने 93.37 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त किया।

संस्था के सफल विद्यार्थी अपने परिणाम का श्रेय टीचिंग मेथेडोलॉजी, टेस्ट सीरीज, सतत मोटिवेशन, डाउट डिस्कशन, स्टडी मैटेरियल व यहां के शिक्षकों की गुणवत्ता को दिया है। संस्था के डायरेक्टर ओमेश रेनवाल ने बताया कि संस्था 2012 से श्रेष्ठ परिणाम देते आई है और देती रहेगी। अप्रैल फेस-2 के लिए टेस्ट सीरीज जारी है, जिससे विद्यार्थी और भी अच्छा परिणाम देंगे। परिणाम छात्र ही देते हैं, संस्था केवल उनका मार्गदर्शन करती है। यदि मार्गदर्शन उत्कृष्ट है तो परिणाम का उत्कृष्ट होना स्वाभाविक है। संस्था सभी सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती है और अपेक्षा करती है कि इस वर्ष प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी भी हमारे सानिध्य में सफलता प्राप्त करेंगे। संस्था में सभी कक्षाओं 8 वीं से 12 वीं तक प्रवेश प्रारंभ है।

आयुष्मान भारत योजना डिस्इम्पेनलमेंट का विरोध

आईएमए के साथ संचालकों ने की सीएमएचओ से मुलाकात

बिलासपुर। मरीजों के निशुल्क इलाज में गलत पैकेज के सहारे मुनाफा कमाने और जांच में आए फर्जीवाड़े के बाद राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य सचिव ने शहर के 10 अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना डिस्इम्पेनलमेंट कर दिया है। जिसके बाद अस्पताल संचालकों के पक्ष में आईएमए सामने आ चुका है।

■ उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी डॉक्टरों की मांग

राज्य भर में आईएमए के डाक्टर कार्रवाई का विरोध दर्ज करा रहे हैं। बुधवार को डाक्टरों की टीम और आईएमए अध्यक्ष डॉ गोपेन्द्र दीक्षित ने सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी से मुलाकात की। आईएमए अध्यक्ष ने राज्य की टीम के द्वारा की गई कार्रवाई पर एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 28 अस्पतालों पर सीधे तौर पर निलंबन की कार्रवाई की गई है, जबकि ज्यादातर अस्पतालों में अन्य खामियां पाई गई है। इन खामियों में सुधार कार्य करने का अवसर भी अस्पताल प्रबंधन को नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1 साल के लिए किसी भी योजना से वंचित करने का सीधा असर मरीजों पर पड़ता है। जहां इससे अस्पताल प्रबंधन के अंतर्गत काम कर रहे डाक्टर व अन्य स्टाफ का मनोबल कमजोर होता है, वहीं मरीजों के बीच साख पर भी प्रभाव पड़ता है। ऐसे में बुधवार को सीएमएचओ डॉ प्रमोद तिवारी से डाक्टर और हमारी टीम ने मुलाकात करते हुए इस कार्रवाई के स्वरूप में बदलाव करने की मांग की है, ताकि अस्पतालों को अपनी बात कहने का मौका मिले और सुधार किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने डाक्टरों ने आयुष्मान योजना में डिस्इम्पेनलमेंट किए जाने को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। उनकी बातें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाएगी। निर्णय शासन स्तर से होना है।

गहन चिकित्सा इकाई किसी वरदान से कम नहीं

प्रीमेच्योर नवजात को सिम्स के डाक्टरों ने दिया जीवनदान

बिलासपुर। सिम्स के नवजात गहन चिकित्सा ईकाई नवजात बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं है। साल 2024 में इस एनआईसीयू में 3064 नवजात बच्चों को भर्ती कराया गया, जिसमें 396 बच्चे प्रीमेच्योर थे।

डाक्टरों के अनुसार 5 साल से कम उम्र के बच्चों के मृत्यु दर का बड़ा कारण प्रीमेच्योरिटी है। ऐसे शिशुओं में रोगप्रतिरोधक क्षमता काफी कम होती है जिसके कारण उनके बचने की संभावनाएँ काफी कम होती है। डाक्टरों ने बताया कि गांव जूनवानी, थाना मल्हार निवासी संजीव यादव की पत्नी, पंच बाई यादव ने 17 मई को सामान्य प्रसव के द्वारा 7 माह के प्रीमेच्योर शिशु को जन्म दिया। शिशु का वजन जन्म पर 600 ग्राम था, जन्म पर शिशु के फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं हो सके थे, उसे सांस में तकलीफ हो रही थी। उसे तत्काल सिम्स के नवजात गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया गया। जहां डॉ. राकेश नहरेल, डॉ. समीर कुमार जैन, डॉ. वर्षा तिवारी, डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. अंकिता चन्द्राकर, डॉ. अभिषेक कलवानी एवं डॉ. सलीम खलखो की देखरेख में इलाज शुरू किया। शिशु को डेढ़ माह तक वेंटीलेटर व जीवन रक्षक दवाईयों पर रहने के बाद शिशु में सुधार के लक्षण दिखने लगे। शिशुरोग विशेषज्ञों के 2 माह के कठिन प्रयास और निरंतर देखरेख के बाद जब डिस्चार्ज किया गया, उस दौरान बच्चे का वजन पहले की तुलना में 14 सौ ग्राम हो चुका था। लंबे समय से ईलाज के दौरान अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह का विशेषज्ञ सहयोग रहा। शिशु के अंग पूरी तरह विकास नहीं हो पाते जिससे जटीलताओं का सामना करना पड़ता है।

दिख जाती है परेशानी

एचओडी डॉ. राकेश नहरेल ने कहा प्रीमेच्योर शिशु में तापमान नियंत्रण की क्षमता, संक्रमण से लड़ने की क्षमता, दूध पचाने की क्षमता, सामान्य शिशुओं की तुलना में वजन कम होता है।

साल भर में बने 1282 प्रकरण, माल जब्त करने में पाई सफलता

अमले की कमी, बिना हथियार कार्रवाई कर रहा आबकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जहां एक ओर पुलिस विभाग के अधिकारी और पुलिसकर्मी हथियार से लैस होते है, वहीं आबकारी विभाग महज कुछ ही अधिकारी और कर्मचारियों के भरोसे कार्रवाई में डटा रहता है। हाल ही में विभाग ने 1 हजार अंग्रेजी शराब का जखीरा पकड़ा था, जिसमें अब तक कार्रवाई जारी है, वहीं विभाग ने बीते एक साल में 1282 प्रकरण बनाए हैं, जिसमें 345 की गिरफ्तारी भी की गई है।

जिले में आबकारी विभाग में 8 सर्किल बनाए गए हैं, इन सर्किल की जिम्मेदारी 8 प्रभारी के भरोसे होती है। प्रति सर्किल में 2 स्टाफ की नियुक्ति की गई है। आबकारी की सबसे बड़ी मुसीबत रातों में होने वाली कार्रवाई में दिखती है, बिना हथियार और सुरक्षा व्यवस्था के शहर के साथ ही जंगल में अवैध शराब की बिक्री और देशी शराब की रोकथाम करने में आबकारी अमले को जूझना पड़ता है। खास बात यह है कि जहां पुलिस विभाग की ज्यादातर कार्रवाई, सूचना तंत्रों में आईटी विभाग मुख्य भूमिका अदा करता है, आबकारी के पास इसकी कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं है। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग की दबिश मौके पर होती है, हालांकि पुलिस विभाग से सहयोग लेकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन कई बार यह सहयोग भी नहीं मिल पाता है। इसके बाजवूद आबकारी विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 345 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जहां 2023-24 में 1093 प्रकरण बनाए गए थे, वहीं साल 2024-25 में 1282 प्रकरण दर्ज किए गए है। इस वर्ष 455 लीटर शराब, 1 लाख 42 हजार किलो लहान जब्त किया है। वहीं अन्य जब्तियों में 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार का माल जब्त करने में आबकारी ने सफलता पाई है।

कोटा में की गई कार्रवाई, 2 आरोपी गिरफ्तार

आबकारी विभाग ने गुरूवार को कोटा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 3 जगहों पर छापा मारा। इस दौरान विभाग ने 3 प्रकरण भी बनाए। जिसमें विभाग ने 37 लीटर महुआ शराब और 690 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है। इस दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) 59 (क) व अन्य प्रकरण दर्ज किए गए है। उक्त प्रकरण में दो लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है।

बेहतर काम कर रही टीम

हर प्रकरण में पुलिस का सहयोग नहीं लिया जा सकता है, कई बार हमारे स्वयं की इनपुट होते हैं, जिस पर तत्काल कार्रवाई करने की जरूरत पड़ती है। ऐसे में पुलिस के सहयोग का इंतजार करने में दिक्कत आती है। यह बात सच है कि पुलिस प्रशासन हमारी मदद कर रहती है, लेकिन उनके काम करने के तरीके अलग है, अमला अलग है। आबकारी में कार्रवाई के लिए अमले की समस्या होती है। हाल के दिनों में हमारी टीम बेहतर काम कर रही है।

-नवनीत तिवारी, सहायक आबकारी आयुक्त

सीजी पार्टनर मीट - 2025 में नाइस टेक कम्प्यूटर को मिला अवार्ड

बिलासपुर। छग में सीजी पार्टनर मीट- 2025 का आयोजन टैली एजुकेशन बैंगलोर के तत्वावधान में रायपुर में नाइस टेक कम्प्यूटर एवं ओरवोलो वेंचर के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टैली सेल्स हेड राहुल, विशिष्ट अतिथि चंद्रकांत सिंह, नाइस टेक के चेयरमैन रविंद्र प्रताप सिंह, ओरवोलो वेंचर के गणेश सहित छग के विभिन्न टैली संस्थानों के संचालक मौजूद थे। इस दौरान राहुल ने टैली के वर्तमान बाजार और इसके भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इसमें कई नए फीचर्स जोड़े जाएंगे, जो अकाउंटिंग को और अधिक सरल बनाएंगे। उन्होंने ऑथराइज्ड सेंटर के लिए नए अवसरों की जानकारी दी। जिनमें कॉलेज प्रोजेक्ट्स, सीएसआर प्रोजेक्ट्स, प्लेसमेंट सपोर्ट, नए सेंटर खोलकर आय अर्जित करने के अवसर जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे। इस कार्यक्रम में नाइस टेक कम्प्यूटर को स्टार्ट काउंसलर अवार्ड, प्लेसमेंट चैंपियन अवार्ड एवं आरएण्ड आर स्टेट टापर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

13- FEB- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 2/14/2025 12:15 AM Page 1

हरिभूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 14 फरवरी 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

वैकेंसी

महिला एवं बाल विकास विभाग में 35 पदों पर होगी भर्ती, यूजीसी नेट का पेपर 28 से

बिलासपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य और किशोर न्याय बोर्ड सामाजिक कार्यकर्ता के पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए पिछले माह वैकेंसी निकली थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह भर्ती की जाएगी। कुल 35 पदों पर भर्ती होगी। इनमें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के 6 पद व सदस्य के 18 पद शामिल हैं। जबकि किशोर न्याय बोर्ड में सामाजिक कार्यकर्ता के 11 पद भरे जाएंगे। इन पदों पर आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी है।

यूजीसी नेट 28 फरवरी से 2 मार्च तक

सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर 2024 की परीक्षाएं 28 फरवरी से 2 मार्च तक होंगी। मैथेमैटिकल साइंसेस, केमिकल साइंसेस, लाइफ साइंसेस और फिजिकल साइंसेस आदि विषयों के लिए यह परीक्षा होगी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से सीबीटी मोड में परीक्षा ली जाएगी। शेड्यूल के अनुसार मैथेमैटिकल साइंसेस व अर्थ-एटमोस्फेयरिक-ओसियन एंड प्लेनेटरी साइंसेस और केमिकल साइंसेस की परीक्षा 28 फरवरी को होगी। लाइफ साइंसेस की परीक्षा 1 मार्च और फिजिकल साइंसेस का पेपर 2 मार्च को होगा।

आयोजन

महाकुंभ में संतों ने किया द्वारा गिरधर गीता रहस्य का लोकार्पण

बिलासपुर। महाकुंभ प्रयागराज में स्थित दैवी संपद मंडल के विशाल मंच पर गिरधर गीता रहस्य का लोकार्पण किया गया, आध्यात्मिक मंच पर धर्म ध्वजा वाहक जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी श्रीविद्याभास्कर महाराज, जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्रीरामगोपालाचार्य महाराज, जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी श्रीराघवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महाराज और संस्कृत के ख्यातिलब्ध कुलपति प्रो डॉ रमेश कुमार पाण्डेय और रामकथा के संगीतमय कथावाचक आचार्य रमाकांत मिश्र की गरिमामय उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ।

जगद्गुरु रामानुजाचार्य, स्वामी श्रीविद्याभास्कर महाराज मौजूद रहे

धर्म-क्षेत्र

मनुष्य कल्याण के लिए गौ सेवा आवश्यक : रसराज

बिलासपुर। वृंदावनधाम श्री मलुक पीठ से आए संत श्री रसराज दास महाराज का गौसेवकों ने किया स्वागत किया। इस दौरान रसदास महराज ने अपने सत्संग, प्रवचन में कहा कि मनुष्य कल्याण के लिए गौ सेवा आवश्यक है। चराचर जगत में केवल गाय ही एक ऐसी मां है जो बिना किसी पक्षपात के सब को अमृत रुपी दूध पिला कर पोषण करती है। हर मनुष्य गौवंश के इस ऋण से ऋणी है। गौमाता का दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र, गोरस, पंचगव्य हर प्रकार से कल्याणकारी है। स्वयं भगवान ने भी गाय की सेवा की है। महाराज श्री ने कहा कि हम मनुष्य भी अपने घर पर एक गाय अवश्य रखें। जिस घर में गाय रहती है वह घर, घर नहीं अपितु सर्व देवमयी मंदिर है। सनातन धर्म के वेद पुराण उपनिषद् में वर्णित है कि गाय के रोम-रोम में देवताओं का वास होता है। गाय को चारा खिलाने मात्रा से देवताओं को भोग लग जाता है।

वृंदावनधाम मलुक पीठ से आए संत का गौ सेवकों ने किया स्वागत

माघी पूर्णिमा मेला

माघ मास के पूर्णिमा के दिन से सागर, रतनपुर, शिवरीनारायण, बेलपान सहित कई स्थानों में मेला आरंभ हो चुका है। इन सभी जगह के मेले में हर दिन लोग पहुंच कर आस्था की डूबकी लगा रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़े सभी झूले का आनंद ले रहे हैं। किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि पूर्णिमा के दिन तीर्थ के जल में भगवान विष्णु का वास होता है।

श्रद्धालु लगा रहे आस्था की डुबकी

बिलासपुर। हिंदू धर्म में माघ महीने की पूर्णिमा तिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे माघी पूर्णिमा भी कहते हैं। इस दिन गंगा स्नान, विशेषकर तीर्थराज प्रयाग के संगम में करना शुभ माना जाता है। माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान, दान-पुण्य, भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी की पूजा का भी विशेष महत्व है। यही वजह है कि लोग अन्न, धन, तिल, गुड़ और घी का दान भी किए। पितरों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान किया गया। स्वयंसेवी संगठनों ने गरीबों को भोजन कराया।

बच्चों से लेकर बड़े ले रहें झूले का आनंद, शिव मंदिरों में लग रही भीड़

शिवरीनारायण में चित्रोत्पला गंगा की महाआरती करते चांपा सेवा संस्थान के सदस्य।

5 सौ से अधिक साल से लग रहा मेला

धार्मिक नगरी रतनपुर में मेला 5 सौ से अधिक साल से लगते आ रहा है। इस मेले का ऐतिहासिक महत्व है। इस मेले की पारंपरिक प्रसाद उखरा लाई है। कई मिठाइयां और जलेबी की दुकानें भी लगी है। प्राचीन परंपरा के अनुरूप लकड़ी के तलवार, चिड़िया गाड़ी यहां के प्रसिद्ध खिलौने है। मेले में तरह-तरह के झूला, सर्कस, मौत कुंआ समेत कई मनोरंजन के साधन है। जिसका शहर सहित दूर-दराज से पहुंचने वाले लोग आनंद उठा रहे हैं।

दूर-दराज से पहुंच रहे ग्रामीण

माघी पूर्णिमा पर लगने वाले बेलपान मेले में ऐतिहासिक नर्मदा कुंड व महादेव मंदिर है। यहां भी श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रहती है। सभी नर्मदा कुंड में डूबकी लगा कर महादेव भगवान की पूजा में लीन है। बताया जा रहा है कि कुंड एवं मंदिर में व्यापक व्यवस्था की गई है। यहां अन्य देवी-देवताओं का मंदिर भी स्थापित है। माघी पूर्णिमा पर नर्मदा कुंड में स्नान करने के लिए दूर-दराज से ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

स्नान कर की गई महाआरती

ग्राम सागर स्थित सागर मैय्या सरोवर में मेला का आयोजन किया गया है। यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे एवं तालाब पार स्थित महादेव मंदिर में पूजा कर महाआरती की। धार्मिक मान्यता के अनुसार सागर मैय्या पुण्य सरोवर में स्नान मात्र से ही दाग, खाज एवं खुजली सहित विभिन्न व्याधियां दूर हो जाती है। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद उठाया।

ले रहे नौका विहार का आनंद

माघी पूर्णिमा से शिवरीनारायण का मेला आरंभ हो गया है। पूरे 10 दिन तक चलने वाले इस मेले में नगर सहित आसपास के लोग हर दिन भारी संख्या में पहुंच हर महानदी संगम में डूबकी लगा कर नौका विहार का आनंद ले रहे हैं। यहां स्थित प्रेम मंदिर, शबरी सहित अन्य सभी मंदिर काफी प्रसिद्ध है। मेला आने वाले लोग इन मंदिरों में दर्शन पूजन कर सुख-शांति की कामना कर रहे हैं। मंदिर परिसर में एक गौशाला भी है। गायों को प्रसाद खिलाने से नहीं चूक रहे हैं।

प्यार का पर्व वैलेंटाइन डे शुक्रवार 14 फरवरी को उत्साह से मनाया जाएगा। यह दिन प्रेम और रिश्तों का सबसे खास दिन होता है। इस दिन प्रेमी जोड़े एक-दूसरे के लिए खास उपहार, गुलाब और प्यार भरे संदेश देंगे। कुछ शादी या रिश्ते को मजबूत करने का वादा करेंगे। इस डे के चलते गुलाब की डिमांड बहुत रहेगी।

प्यार का पर्व वैलेंटाइन डे आज, गुलाब की रहेगी मांग

बिलासपुर। यह दिन संत वैलेंटाइन की याद में मनाया जाता है। उनकी याद में यह दिन प्रेम का प्रतीक बन गया। इसे वैलेंटाइन वीक भी कहते हैं। इस पूरे हफ्ते में अलग-अलग दिनों का विशेष महत्व होता है, जो प्रेम को अलग-अलग तरीकों से व्यक्त करने का अवसर देते हैं। वहीं इसका हर दिन प्रेमी जोड़ों को एक-दूसरे के करीब लाता है। वैलेंटाइन डे पर प्रेमी, पति-पत्नी, दोस्त एक-दूसरे को अपने प्यार का इजहार करेंगे। ईदगाह चौक स्थित फूल बाजार के विक्रेताओं ने बताया कि वैलेंटाइन डे के चलते इन दिनों लाल, गुलाबी सहित हर कलर के गुलाब की मांग बढ़ गई है। अभी प्रति गुलाब 10 से 15 रूपए में बिक रहा है। डे के दिन शुक्रवार को मांग बढ़ने पर इसकी कीमत बढ़ भी सकती है। गुरुवार को किस डे मनाया गया। यह दिन प्यार और गहरे रिश्ते की निशानी माना जाता है।

प्रेमी जोड़े एक-दूसरे को खास उपहार देकर देंगे प्यार भरे संदेश

वेलेंटाइन वीक का युवा वर्ग ने लिया आनंद

वेलेंटाइन वीक का युवा वर्ग ने जमकर आनंद लिया। 7 फरवरी को रोज डे से वीक आरंभ हुआ। इस दिन प्रेमी जोड़ों ने प्यार और भावनाओं को व्यक्त करने गुलाब का आदान-प्रदान किया। जिसमें लाल गुलाब प्रेम, पीला गुलाब मित्रता, सफेद गुलाब शांति और गुलाबी गुलाब आभार को दर्शाता है। दूसरे दिन 8 फरवरी को प्रपोज डे मनाया गया। यह दिन उन लोगों के लिए खास रहा जो अपने प्रियजनों को अपने प्यार का इजहार करना चाहते हैं। इस दिन शादी के लिए भी प्रपोज किया गया। तीसरे दिन 9 फरवरी को चॉकलेट डे प्यार में मिठास घोलने के लिए मनाया गया। चॉकलेट खुशी और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। युवा वर्ग ने अपने दोस्तों को चॉकलेट खिला कर डे का आनंद लिया। 10 फरवरी को टेडी डे पर एक-दूसरे को टेडी बियर गिफ्ट किया गया। 11 फरवरी को प्रॉमिस डे पर एक-दूसरे से सच्चे प्रेम, ईमानदारी और विश्वास की कसमें खाए। रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए यह दिन बेहद खास होता है। छठे दिन 12 फरवरी को हग डे मनाया गया। हग डे प्यार, सुरक्षा का अहसास कराता है। यह दिन बताता है कि एक स्नेह भरी झप्पी से हर दर्द मिट सकता है।

फाल्गुन में रहेगी त्यौहारों की धूम

बिलासपुर। फाल्गुन माह गुरुवार से आरंभ हो गया है। इस महिने में महाशिवरात्रि, होली और फाल्गुनी पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्व पड़ेगा। जिनका धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। शास्त्रों में इस मास को मोक्षदायी और पुण्यदायक माना गया है। इससे व्यक्ति को सुख-समृद्धि और आध्यात्मिक उत्थान की प्राप्ति होती है। फाल्गुन मास वर्ष का अंतिम महीना होता है, जो आध्यात्मिक साधना, भक्ति और उत्सवों का माह माना जाता है। यह मास विशेष रूप से भगवान शिव, श्री विष्णु के सभी अवतारों और चंद्रदेव की पूजा के लिए श्रेष्ठ बताया गया है। इस दौरान महाशिवरात्रि, होली और फाल्गुनी पूर्णिमा जैसे प्रमुख पर्व आते हैं, इस माह का समापन 14 मार्च को धुलंडी के दिन होगा।

धार्मिक, आध्यात्मिक दृष्टि से रहेगा विशेष महत्व

लगेगा चांटीडीह मेला

फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि का पर्व विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। इस दिन शहर के चांटीडीह में भव्य मेला लगेगा। लोग मेला पहुंच कर वहां स्थित शिवालयों में जाकर पूजा कर जल चढ़ाएंगे। व्रत रख कर रात्रि जागरण और जलाभिषेक करेंगे। शिवपुराण के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था।

स्पोर्ट्स न्यूज

तीन दिवसीय स्पोर्ट्स में पहले दिन कबड्डी खो- खो, क्रिकेट, फुटबॉल का आयोजन

बिलासपुर। एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन बोदरी में तीन दिवसीय अभ्युदय एनुअल स्पोर्ट्स कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, चेस, कैरम, बास्केटबॉल व टग ऑफ़ वार इंजीनिरिंग विभाग व फार्मेसी विभाग के छात्र व छात्राओं के लिए आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि इंस्टिट्यूशन में इंजीनियरिंग विभाग व फार्मेसी विभाग के छात्र व छात्राओं के लिए एनुअल स्पोर्ट्स का शुभारम्भ संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय सहित अन्य लोगों के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस इंजीनिरिंग विभाग के छात्र के लिए फुटबॉल व छात्राओं के लिए खो खो व टग ऑफ़ वार का आयोजन किया गया, फुटबॉल में फाइनल मुकाबला कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विरुद्ध इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के मध्य खेला गया, जिसमें 3-2 के मुकाबले 1 गोल से कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विजेता बना। खो खो बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला इलेक्ट्रॉनिक एंड इलेक्ट्रिकल्स के मध्य खेला गया, जिसमें 12-9 के मुकाबले 3 अंको से कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग विजेता एंव इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स उपविजेता बनी। टग ऑफ़ वार का विजेता कम्प्यूटर साइंस इंजीनिरिंग व उपविजेता एमबीए विभाग रहा उसी प्रकार फार्मेसी विभाग के छात्र व छात्राओं के लिए कबड्डी और क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पोर्ट्स को सफल बनाने के लिए सभी विभाग प्रमुख, एस राठौर,विष्णु सोनी,पाल सर, डॉक्टर भूमिका दास,असिस्टेंट प्रोफेसर कामेश चंद्राकर, आशुतोष जायसवाल, प्रशांत राजपूत आदि का विशेष सहयोग है।

14 अंकों से बी फार्मेसी विजेता

कबड्डी बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला बी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर विरुद्ध बी फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर के बीच खेला गया, जिसमें 34-20 के मुकाबले 14 अंको से बी फार्मेसी अंतिम सेमेस्टर विजेता व तीसरा सेमेस्टर उपविजेता बनी। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला बी फार्मेसी विरुद्ध डी फार्मेसी के मध्य खेला गया, जिसमें बी फार्मेसी विजेता बनी,बी फार्मेसी ने निर्धारित 6 ओवर के मैच मे 3 विकेट पर 68 रन बनाये 69 के लक्ष्य को डी फार्मेसी की टीम 56 रन ही बना पाई, इस तरह से 12 रन से बी फार्मेसी विजेता बनी।

ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता में शहर के हॉकी खिलाड़ी धनीराम का चयन

अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज हॉकी प्रतियोगिता 28 फरवरी तक डीएए एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान आंध्र प्रदेश में आयोजित हो रही है, प्रतियोगिता में देशभर के सभी प्रदेशों के राज्य सचिवालयों की टीम में भाग लेगी बेहतर प्रदर्शन के आधार पर इस प्रतियोगिता में लिंगियाडीह स्कूल के व्यायाम अनुदेशक के पद पर कार्यरत धनीराम यादव का प्रदेश की टीम में चयनित होने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.के. मिश्रा ,हेडमास्टर शैलेंद्र शर्मा, गौरव मंगरुलकर एवं हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव हॉकी, अध्यक्ष रोहित बाजपेई ,अमिताभ मानिकपुरी,रवि पारेख ,जावेद अली सोनू सिंह एवं शहर के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

38 वें राष्ट्रीय खेल में मिला कांस्य पदक, 16 मैडल जीते

38वीं राष्ट्रीय खेल वन चेतना इंडोर स्टेडियम चकरपुर में मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। मलखम्ब में छग के खिलाड़ियों ने अभी तक कुल 5 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एवं 9 कांस्य पदक सहित कुल 16 पदक प्राप्त किए हैं। प्रथम दिन के खेल में रोप व पोल मलखंब पर छत्तीसगढ़ की महिला खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 80.05 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए छत्तीसगढ़ के लिए 16वां कांस्य पदक जीता, महिला वर्ग में कु. संताय पोटाई, मोनिका पोटाई, दुर्गेश्वरी कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोय, शिक्षा दिनकर शामिल हैं। टीम के प्रशिक्षक मनोज प्रसाद, प्रेमचंद शुक्ला, एवं प्रबंधक शांति साहू हैं। 38वें राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त रोप व पोल मलखंब की महिला खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण एवं राज्य खेल संघ के पदाधिकारियों ने पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

13- FEB- BSP- P-4_Layout 1 2/13/2025 11:38 PM Page 1

27 मार्च को रिलीज होगी 'अंदाज अपना-अपना'

मुंबई। सलमान खान और आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' का टीजर रिलीज हो चुका है। जारी हुए टीजर के मुताबिक फिल्म 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म पहली बार 1994 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' से कॉमेडी का शानदार डोज फैंस को देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म के टीजर में अभिनेताओं की वही मस्ती देखने को मिल रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस में बहुत उत्साह है। रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, आमिर खान और सलमान खान की फिल्म को 4के में रिस्टोर और रिमास्टर कर दिया है। साथ ही, इसका साउंड भी डॉल्बी 5.1 में अपग्रेड किया गया है। इससे दर्शकों को एक नया और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा।

लाइफ Style

रकुल

कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने अब अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है, इसमें मोटिवेशन कोट लिखा है। रकुल ने पोस्ट में लिखा कि हमारा कंफर्ट जोन हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन ये हमें आगे नहीं बढ़ने देता है।

रकुल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने मन के विचार साझा किए हैं। उन्होंने पोस्ट किया- आपका कंफर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। यह बहुत अच्छी जगह है, लेकिन यह आपको प्रगति नहीं करने देता। रकुल प्रीत सिंह की पोस्ट को फैंस ने बहुत पसंद किया है। कैप्शन में रकुल ने लिखा कि जो है, सो है। रकुल प्रीत ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से उनका सपना हिंदी फिल्मों में ही कॅरियर बनाना था। उनका साउथ में काम करना एक खूबसूरत इत्तेफाक है। साउथ सिनेमा में अपना परचम लहराने के बाद रकुल ने 2014 में फिल्म 'यारियां' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। रकुल प्रीत सिंह, अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फिल्म 21 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को बड़े पर्दे के साथ ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का निर्देशन कमान मुदस्सर अजीज ने संभाली है। वे इससे पहले 'पति पत्नी और वो', 'हैप्पी भाग जाएगी' और 'खेल खेल में' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। रकुल प्रीत सिंह 'दे दे प्यार दे 2', 'इंडियन 3' जैसी आगामी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला

'हाउ टू ट्रेन...' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। लाइव-एक्शन फिल्म 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' का ट्रेलर जारी हो गया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया। यह लाइव-एक्शन फीचर ड्रीमवर्क्स एनिमेशन की इसी नाम की हिट एनिमेटेड फिल्म का रीमेक है, जो 2010 में रिलीज हुई थी। लेखक-निर्देशक डीन डेब्लॉइस की नई हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन में मेसन थेम्स हिकप और निको पार्कर एस्ट्रिड की भूमिका में हैं। नए हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन ट्रेलर में हिकप ने टूथलेस के साथ अपने बंधन का खुलासा किया है।



'रेड हल्क' की भूमिका में आएंगे नजर ...

लॉस एंजिल्स। हैरिसन फोर्ड 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं। इस बीच, वह एक बड़ा, लाल रहस्य छिपा रहे हैं, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। यह फिल्म 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फोर्ड ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो एक शानदार अभिनेता के काम पर आधारित है। उन्होंने कहा, 'जहां तक मेरा सवाल है, यह मेरे लिए एक बोनस है।' फोर्ड ने आगे कहा, 'मार्वल यूनिवर्स के नियमों के तहत किसी तरह एक अभिनेता का दूसरे अभिनेता की जगह लेना ठीक है।

पहली फ्लाइट यात्रा से डरीं मोनालिसा

नई दिल्ली। मोनालिसा कुंभ मेले में माला बेचकर इतनी मशहूर हुईं कि वे आज किसी स्टार से कम पॉपुलर नहीं हैं। वे फिल्म में काम कर रही हैं। उन्हें बड़े-बड़े इवेंट में शामिल होने के मौके मिल रहे हैं। मोनालिसा को केरल में एक इवेंट में शामिल होने के लिए मोटी फीस मिली हैं। उन्होंने बॉलीवुड के फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा के साथ पहली फ्लाइट यात्रा की। वे पहली बार 7 स्टार होटल में रुक रही हैं। वे झोपड़पट्टी से सीधा 7 स्टार होटल में रात गुजारेंगी और डिनर करेंगी। फ्लाइट से पहले उनका ब्लड टेस्ट हुआ, ताकि जान सकें कि वे कहीं डरी हुई तो नहीं हैं। वे फ्लाइट यात्रा से पहले काफी डरी हुई थीं। उन्हें विदा करने के लिए उनके घरवाले एयरपोर्ट के बाहर इकट्ठा हुए। वे मोनालिसा से बिछड़ने पर काफी रो रहे थे। उन्हें एक ब्रांड के इवेंट में शामिल होने के लिए केरल पहुंचना है।

शिलांग कॉन्सर्ट में पत्नी संग जॉन

मुंबई। गायक एड शिरीन ने शिलांग में 12 फरवरी को अपने इंडिया टूर के दौरान कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया। यह कॉन्सर्ट पोलो के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया गया। जॉन अब्राहम और उनकी पत्नी प्रिया रुंचल भी इस कॉन्सर्ट में पहुंचीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह तस्वीर साझा की है। प्रिया रुंचल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एड शिरीन के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीर के साथ कुछ वीडियो भी साझा किए गए हैं। प्रिया रुंचल की पहली तस्वीर में एड शिरीन और जॉन इब्राहम नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉन और उनकी पत्नी नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी के बच्चों के साथ भी तस्वीरें शेयर की हैं। जॉन अब्राहम अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' में 7 मार्च को नजर आने वाले हैं।

टीवी मसाला

वैलेंटाइस डे पर क्या है सितारों की खास तैयारी!

मुंबई। वैलेंटाइस डे हमारे लिए अपने प्रियजनों के साथ प्यार का जश्न मनाने और खूबसूरत यादें संजोने का एक बेहद खास मौका लेकर आता है। चाहे कोई बड़ा जश्न हो या छोटी-छोटी खुशियां, यह दिन अपनों के लिए प्यार और आभार जताने का होता है। सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी) सहित एंड टीवी के कलाकारों ने भी इस प्यार भरे दिन पर अपने जीवनसाथी के लिए कुछ सरप्राइजेज की योजना बनाई है, ताकि इसे यादगार तरीके से मनाया जा सके। सपना सिकरवार, जो कि एंड टीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार अदा कर रही हैं, ने बताया, वैलेंटाइस डे हर रूप में प्यार का जश्न मनाने का दिन है। मेरे पति और मेरे बीच काफी गहरा लगाव है, और हर साल हम एक-दूसरे को सरप्राइज देना नहीं भूलते। इस बार मैंने हमारी पहली डेट को रिक्रिएट करने की योजना बनाई है- जिसमें वही कैफ़े, वही पसंदीदा डिशेज़, और वही खूबसूरत एहसास शामिल होंगे। इसके अलावा, मैंने एक स्क्रैपबुक भी तैयार की है, जिसमें हमारी जिंदगी के यागदार लम्हों की तस्वीरें और खास पलों के नोट्स हैं। प्यार का असली मतलब ही एक-दूसरे को खास महसूस कराना है, और छोटे-छोटे लेकिन दिल से जताए गए आभार बहुत मायने रखते हैं। आप सभी को वैलेंटाइस डे की ढेरों शुभकामनाएं!

बिपाशा की नई चाल सबको करेगी हैरान

नई दिल्ली। स्टार प्लस के सीरियल झनक में अब नया ट्विस्ट आने वाला है। बोस परिवार में बिपाशा अपने पति लाल के साथ मिलकर कोई प्लान तैयार कर रही है। इस प्लान के निशाने पर लालॉन और झनक हैं। बिपाशा कुछ ऐसी चाल चलने की कोशिश कर रही है जिससे बोस परिवार के सभी लोग लालॉन और झनक से नफरत करने के लिए है। वहीं, झनक नई मुसीबत में फंस गई है। अभी अनिरुद्ध और विहान दोनों की झनक की नई मुसीबत से अनजान हैं। झनक को जो लोग बस में मिले थे, उन लोगों ने झनक को बेच दिया है। झनक को जैसे ही इस सच्चाई का पता चलेगा वो हैरान रह जाएगी। सच्चाई पता चलते ही वो वहां से भागने की कोशिश करेगी। हालांकि, झनक वहां से भाग नहीं पाएगी। उसे रोक लिया जाएगा। उसपर तैयार होने के लिए दबाव बनाया जाता है। झनक जब तैयार होने जाएगी तो उसे एक लड़की मिलेगी। वो उससे कहेगी कि एक बार जो यहां आ जाता है, वो कभी वापस नहीं जा पाता। झनक ये सुनने के बाद और परेशान हो जाएगी। फिर वो लड़की झनक से पूछेगी कि क्या वो यहां से भागना चाहती है? वो लड़की झनक से कहेगी कि अगर वो यहां से भाग भी जाएगी तो कोई ना कोई उसके पीछा जरूर करेगा।

'उतरन' की तपस्या से मिली पहचान...

मुंबई। टीवी धारावाहिक 'उतरन' की तपस्या यानी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने 13 फरवरी को अपना जन्मदिन मनाया। रश्मि देसाई ने इससे पहले भोजपुरी फिल्मों में भी काफी काम किया, हालांकि उन्हें प्रसिद्धी अपने इसी टीवी धारावाहिक से मिली। अभिनेत्री का नाम दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी जुड़ चुका है। 'दिल से दिल तक' के सेट पर उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से हुई थी। इस शो के दौरान दोनों नजदीक आ गए थे। हालांकि, निजी कारणों से उनके बीच विवाद हुए और दोनों के रास्ते जुदा हो गए। रश्मि देसाई अपनी लव लाइफ में काफी अनलकी रही हैं। उन्होंने साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि वे अभी भी सही जीवनसाथी की तलाश कर रही हैं। रश्मि बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। इसके अलावा उन्होंने खतरों के खिलाड़ी 6 में हिस्सा लिया था। रश्मि देसाई हिट शोज में काम करने की पूरी कोशिश कर रही थीं, हालांकि पैसों की तंगी के कारण इससे पहले रश्मि देसाई बी ग्रेड फिल्मों में भी काम किया। वे कई सारी भोजपुरी फिल्मों का भी हिस्सा रहीं। रश्मि पहली बार साल 2002 में 'कन्यादान' नामक असम फिल्म में नजर आईं थीं।

अधूरे प्यार की कहानी बयां करती हैं ये फिल्में

नई दिल्ली। वैलेंटाइन वीक के मौके पर हम आपको बॉलीवुड की उन रोमांटिक फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका अंत काफी दुखी करने वाला है। बॉलीवुड में कई ऐसी रोमांटिक फिल्में बनी हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिल को झकझोर कर रख दिया, क्योंकि इनका अंत काफी दुखद हुआ। इन फिल्मों में रोमांस, कॉमेडी सबकुछ रहा, लेकिन अंत में इसके एंड ने सभी की आंखें नम कर दी।

सनम तेरी कसम : साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सनम तेरी कसम' इस साल दोबारा रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस से पिछली बार से भी ज्यादा अच्छा कलेक्शन कर रही है। इस रोमांटिक फिल्म का अंत दुखी कर देने वाला है। फिल्म की हीरोइन 'सरू' अंत में कैंसर के चलते मर जाती है, जिसके बाद हीरो 'इंदर' अकेला रह जाता है। फिल्म में हर्षवर्धन राणे ने इंदर की भूमिका निभाई है, 'सरू' के किरदार में पाकिस्तानी अभिनेत्री मावरा होकेन ने निभाया है।

सनम रे : इस फिल्म में पुलकित सम्राट यामी गौतम और उर्वशी रौतेला मुख्य किरदार में हैं। फिल्म एक रोमांटिक लव ट्रायएंगल पर आधारित है। इस फिल्म का अंत भी काफी सैड है। यामी गौतम का किरदार 'श्रुति' और पुलकित का किरदार 'आकाश' अपनी बचपन की प्रेम कहानी को पूरा करने की कोशिश में रहते हैं, लेकिन अंत में दोनों मिल नहीं पाते।

क्योंकि : सलमान खान और करीना कपूर की इस फिल्म का अंत भी काफी दुखदाई है। सलमान खान ने इस फिल्म में एक मानसिक रोगी का किरदार निभाया है। जिस हॉस्पिटल में सलमान का इलाज होता है, वहां पर करीना कपूर डॉक्टर रहती हैं। पहले दोनों में अच्छी दोस्ती होती है और बाद में प्यार हो जाता है। यह बात करीना के पिता ओम पुरी को अच्छी नहीं लगती और वह सलमान को कोई ट्रीटमेंट देकर विकलांग बना देते हैं। उसी अस्पताल में सलमान का इलाज करने वाले जैकी श्रॉफ ने दुखी होकर सलमान का मुंह तकिए से दबाकर मार देते हैं। अपने पिता की सच्चाई पता चलने के बाद करीना अपना मानसिक संतुलन खो देती हैं।

धड़क : जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की डेब्यू फिल्म 'धड़क' का अंत भी काफी दर्दनाक रहा है। यह फिल्म 20 जुलाई 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में भी हीरो अंत में मर जाता है, जो दर्शकों को भावुक कर देता है।

रांझणा : धनुष और सोनम कपूर की यह फिल्म एक कल्ट है। इसे पसंद करने वाले लोगों की काफी लंबी लिस्ट है। 'रांझणा' को एक बेहतरीन रोमांटिक फिल्म माना जाता है। इस फिल्म का अंत काफी दुखी कर देने वाला है। फिल्म का मुख्य किरदार 'कुंदन' अंत में मर जाता है।

देवदास : शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित की फिल्म 'देवदास' से शायद ही कोई अंजान हो। यह फिल्म शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय की उपन्यास पर आधारित। इस फिल्म के गाने, डायलॉग और सीन सब कुछ लोगों के बीच काफी मशहूर हैं।

60-70 के दशक में कई फिल्मों में किया काम और अपनी कला से लोगों को खूब हंसाया

कॉमेडी से सुपरस्टार पर भारी पड़ जाते थे राजेंद्र नाथ

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा का एक ऐसा कलाकार, जिसकी खामोशी भी दर्शकों को हंसने पर मजबूर कर देती थी। वह हास्य कलाकार कभी अपने हाव-भाव तो कभी अपने खास अंदाज के साथ-साथ अपनी अदाओं से भी दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान ले आते थे। हम बात कर रहे हैं अभिनेता राजेंद्र नाथ की। हिंदी फिल्मों में अब भले ही हीरो खुद कॉमेडी करने लगे हों, लेकिन एक वक्त पर ये जिम्मेदारी सिर्फ हास्य कलाकारों के पास ही होती थी। फिल्म जहां कहीं भी कमजोर पड़ती, ये कलाकार अपनी काबिलियत से दर्शकों को फिल्म से बांधे रखते। कई फिल्में तो सिर्फ इन्हीं कलाकारों की वजह से हिट हुईं। ऐसे ही एक कलाकार थे राजेंद्र नाथ। 60 और 70 के दशक में राजेंद्र ने कई फिल्मों में काम किया और अपनी कला से लोगों को खूब हंसाया। गुरुवार को राजेंद्र नाथ की 17वीं पुण्यतिथि थी।

बड़े भाई के नक्शेकदम पर चल बने अभिनेता

राजेंद्र नाथ का जन्म 8 जून 1931 में हुआ था। राजेंद्र के पिता करतार नाथ रीवा शहर के आईजी ऑफ पुलिस थे। राजेंद्र के आठ भाई और चार बहनें थीं। राजेंद्र के सबसे बड़े भाई दिवंगत अभिनेता प्रेम नाथ थे। राजेंद्र डॉक्टर बनना चाहते थे। बड़े भाई का फिल्मों में रुझान देखते हुए उनकी भी फिल्मों में रुचि बढ़ने लगी थी। ऐसे में उन्होंने अपने बड़े भाई को देखकर ही फिल्मों में काम करने के लिए अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। रीवा में स्कूलिंग पूरी करने के बाद प्रेम नाथ के कहने पर राजेंद्र नाथ भी 1947 में बॉम्बे आ गए गए।

ऐसे मिली पहली फिल्म

राजेंद्र नाथ अपने भाई अभिनेता प्रेम नाथ की देखा देखी अभिनेता तो बन गए, लेकिन फिल्मों में उन्हें पहला किरदार पाने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ी, तब जाकर उस समय के बड़े फिल्म निर्देशकों में से एक नासिर हुसैन ने उन्हें अपनी फिल्म दिल देके देखो (1959) में छुट-पुट मजाक करने वाले एक कॉमेडियन का किरदार निभाने के लिए दिया, जिसमें उन्होंने 'कैलाश' का किरदार निभाया था। इस फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग की बहुत तारीफें हुईं तो नासिर हुसैन ने राजेंद्र को लगातार अपनी फिल्मों में लेना शुरू कर दिया था।

यह किरदार बना अभिनेता की पहचान

राजेंद्र नाथ ने अब तक कॉमेडी के कुछ छोटे-मोटे किरदार ही किए थे, लेकिन फिल्म जब प्यार किसी से होता है (1961) में उन्हें एक कॉमेडियन के रूप में मजबूत किरदार मिला, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। नासिर हुसैन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजेंद्र ने पोपट लाल का ऐसा किरदार निभाया, जो कहीं ना कहीं फिल्म के मुख्य नायक देव आनंद पर भी भारी पड़ा। इस फिल्म के किरदार पोपट लाल का नाम इतना पसंद किया गया कि आगे चलकर लोग उन्हें इसी नाम से पहचानने लगे।

बड़े भाई प्रेमनाथ ने निकाला घर से बाहर

राजेंद्र नाथ की बहन कृष्णा की शादी पृथ्वीराज कपूर के बेटे राज कपूर से हुई थी। ऐसे में उन्हें बॉम्बे में मदद मिल गई। राजेंद्र नाथ पहले पृथ्वी थिएटर से जुड़े, जिसके बाद उन्होंने दीवार, आहुति, पठान और शकुंतला जैसे नाटकों में हिस्सा लिया। अपने बड़े भाई प्रेम नाथ के नक्शेकदम पर राजेंद्र बॉम्बे तो आए, लेकिन काम के लेकर उनकी लापरवाही बड़े भाई से बर्दाश्त नहीं हुई। बात इतनी बढ़ी कि प्रेम ने इन्हें घर से निकाल दिया। हालांकि, वह फिल्मों में काम करने की इच्छा लिए संघर्ष करते रहे।

जब खून के आंसू रोए राजेंद्र

दरअसल, राजेंद्र को कॉमेडी में तो महारत हासिल थी, लेकिन फिल्म मेकिंग में उन्हें कोई अनुभव नहीं था। यही उनके कंगाल होने की वजह भी बनी। जब उन्होंने पहली फिल्म बनानी शुरू की, तब कास्ट, क्रू और निर्देशक ने जो फीस मांगी, उन्होंने तुरंत ही दे दी। नतीजा ये रहा कि ओवर बजट होने से 10 दिनों में ही फिल्म की शूटिंग रुक गई। राजेंद्र अब अपने और कर्ज लिए हुए सारे पैसे लगा चुके थे, लेकिन फिल्म बनने से पहले ही रुक गई। राजेंद्र ने जिनसे कर्ज लिया था, वे उनसे पैसे मांगने लगे। एक बार साक्षात्कार में राजेंद्र ने इस बारे में बात करते हुए कहा था कि यूपी और दिल्ली के डिस्ट्रीब्यूटरों ने मुझे खून के आंसू रुलाया। मेरी स्थिति पता होते हुए भी लोगों ने मुझसे ज्यादा ब्याज लिया और एक-एक पैसे निकलवाए।

13-FEB-REGNOL-pg-5-COMMAN_Layout 1 2/13/2025 11:25 PM Page 1

खबर संक्षेप

मटियारी धाम में मेला भागवत कथा प्रारंभ

बोदरी। मटियारी धाम मंगल में मांघी पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया। साथ ही यहां 12 से 18 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया ज रहा है। प्रेरणा स्रोत संत श्रीराम शिरोमणि दास जी महाराज ने बताया कि छत्तीसगढ़ का एक बहुत ही दिव्य और अलौकिक स्थल है जो शिवनाथ अल्फा का संगम है। यहां लगभग 300 वर्ष पुराना राम मंदिर व चंडी माता का मंदिर है। यह बिलासपुर से मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, सरकार को ऐसे स्थलों पर ध्यान देना चाहिए। मटियारी धाम के सर्वांगीण विकास के लिए यहां भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

छात्र-छात्राओं को दिया जा रहा व्यावसायिक प्रशिक्षण

लोरमी। ग्राम गोंडखाम्ही के बच्चों को विद्यालय के प्राचार्य एस के शुक्ला के मार्गदर्शन में व्यवसायिक प्रशिक्षक प्रमोद कुमार रात्रे द्वारा अपग्रेड एजुकेशन स्किल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में आइसेक्ट कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर गोंडखाम्ही में इंटर्नशिप कराई जा रही है। विदित है कि विद्यालय में रोजगार परक शिक्षा के अंतर्गत टेलीकॉम विषय संचालित है। इंटर्नशिप में कंप्यूटर के सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, बेसिक फंडामेंटल, एमएस ऑफिस, टैली की पढ़ाई के साथ-साथ प्रैक्टिकल कराकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राएं सीख कर अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। इंटर्नशिप के दौरान छात्र-छात्राओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए प्रतिदिन स्कूल के प्राचार्य एसके शुक्ला एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक प्रमोद कुमार रात्रे मॉनिटरिंग करते हैं। इंटर्नशिप के दौरान वहां के प्रभारी रुस्तम भास्कर एवं वहा के स्टाफ उपस्थित रहे।

निधन

डॉ रमेशचंद्र त्रिपाठी

बिलासपुर। गोलबाजार के प्रतिष्ठित नागरिक नगर निगम बिलासपुर के सेवानिवृत वैद्यराज डॉ रमेशचंद्र त्रिपाठी का 13 फरवरी को भिलाई में निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में होगा। वे सुधीर शुभेंद्र त्रिपाठी एवं नीता बाजपेई के पिता थे।

गीता बाजपेयी

बिलासपुर। इमलीपारा निवासी गीता बाजपेयी का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को सरकंडा मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे ओम प्रकाश, जय प्रकाश की मां, प्रतीक और आदित्य बाजपेयी की दादी थीं।

पी लक्ष्मी

बिलासपुर। रेलवे क्वार्टर नंबर जीएस- 41/3, बारा खोली चौक बंगला यार्ड निवासी रेलवे कर्मचारी पी लक्ष्मी पति स्व. पी गुरू मूर्ति का 12 फरवरी को निधन हो गया। वे 55 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को मधुबन दयालबंद में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे प्रवीण की माता, नारायण स्वामी, राजू, श्रीनु की भाभी थीं।

छेदीलाल चंद्राकर

तखतपुर। डोमनपुर निवासी छेदीलाल चंद्राकर 90 वर्ष का 13 फरवरी को निधन हो गया। वे लल्लन चंद्राकर, नकूल चंद्राकर के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को प्रातः 9 बजे गृहग्राम डोमनपुर में होगा।

ढोला राम मरावी

तखतपुर। ग्राम पड़रिया निवासी ढोला राम मरावी 70 वर्ष का 13 फरवरी को निधन हो गया। वे मोहित जेठू जुठान, भुट्टो कुंवर, पूना राम ,टेटकू मरावी के भाई थे।

कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन शुरु कराने तोखन ने की रेल मंत्री से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय राज्य शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल लाइन का काम शुरु करने के साथ सारनाथ और अन्य ट्रेनों का स्टापेज बिल्हा स्टेशन में दिए जाने मांग की है।

खास बात
- केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री तोखन साहू ने की रेल मंत्री से मुलाकात

आम बजट के बाद रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन और छत्तीसगढ़ प्रदेश को वर्ष 2025-26 में रेल बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधा के लिए 6925 करोड़ का ऐतिहासिक बजट आबंटन किया है, जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट से 311 करोड़ से 22 गुना अधिक है। रेलवे को मिले बजट आबंटन को केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया है। केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से मुलाकात के दौरान संसदीय क्षेत्र बिलासपुर की जनता की रेलवे से संबंधित कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने मांग भी की है। इसमें मुख्य रूप से भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पहले मरही माता मंदिर के पास अंडर ब्रिज का निर्माण, रेलवे स्टेशन सल्का के आगे सल्का-मजगांव पहुंच मार्ग पर अंडरब्रिज

निर्माण कराने, नवागांव सलका ढेलुवापुर पहुंच मार्ग पर अंडरब्रिज का निर्माण, जयरामनगर आजाद मोहल्ले में अंडरब्रिज निर्माण, कोटा रेलवे स्टेशन के आगे मां महामाया की नगरी रतनपुर के लिए ओवरब्रिज निर्माण, कई वर्षो से रूके हुए जयरामनगर ओवरब्रिज के काम को शीघ्र पूर्ण कराने, बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस और कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस का जयरामनगर स्टेशन पर स्टापेज के अलावा बिल्हा स्टेशन से गुजरने वाली सारनाथ एक्सप्रेस, कुर्ला एक्सप्रेस, अंबिकापुर एक्सप्रेस, इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज बिल्हा रेलवे स्टेशन पर दोनों से दिए जाने की मांग की है। यह सभी ट्रेनों कोरोना महामारी के पहले बिल्हा स्टेशन पर स्टापेज दी जाती थी। उन्होंने रेल मंत्री को बताया कि बिल्हा नगर प्रदेश का प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है, जहां पर 50 राइस मिलें, पांच पोहा मिलें, 15 डोलोमाइट की खानें और क्रशर के अलावा भारतीय खाद्य निगम का गोदाम है, जिससे रेलवे को भी अच्छी आय होती है।

बिल्हा रेलवे स्टेशन में ट्रेन स्टापेज के साथ ही केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से चर्चा के दौरान एक बार फिर कटघोरा से डोंगरगढ़ के बीच बनने वाली रेल लाइन का मुद्दा रेल मंत्री के समक्ष रखते हुए काम को जल्द शुरु कराने कहा है।

बड़े दलों के प्रत्याशी कर रहे जीत का दावा

चाय की चुस्की के साथ चुनावी चर्चा में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

चौक-चौराहों, चाय की दुकानों में अब पार्टियों के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत-हार के दावे कर रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव का मतदान हो गया है, अब चुनाव परिणाम को लेकर चर्चा और कयास लगाने का दौर जारी है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद जीत-हार को लेकर दोनों दल के प्रत्याशी और कार्यकर्ता दावे कर रहे हैं। जिले में जीत हार को लेकर सटोरियें भी सक्रिय हो गए हैं।

खास बात
- नगरीय निकाय चुनाव मतदान के बाद अब जीत-हार का कयास का दौर शुरू

नगरीय निकाय चुनाव मतदान के बाद अब जीत-हार का कयास का दौर शुरू हो गया है। इसके साथ ही प्रत्याशियों पर भी दांव लगने लगा है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व राजनीतिक दल अपने-अपने

चाय पर चुनावी चर्चा व समीक्षा करते जनप्रतिनिधि।

समर्थकों से वार्डवार मतदान व वोटों के आंकड़ो को जुटाने में लग गए हैं, कही धोखे व पाला बदलने की जानकारी राजनीतिक गलियारों से खुल कर सामने आ रही है। एक ओर कांग्रेस समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो वहीं भाजपा के समर्थक राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त हैं। जिले की नगर पालिका लोरमी में सर्वाधिक चर्चाओं का दौर है। साथ ही इन पर दांव भी लगने के लिए लोग आतुर हैं। नगर पालिका लोरमी में उप मुख्यमंत्री अरूण साव की प्रतिष्ठा भी अध्यक्ष की सीट से जुड़ी हुई है। साथ ही जिले के नगर पंचायत पथरिया, सरगांव, जरहागांव एवं बरेला नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए भी कयास लगाए जा रहे हैं।

हालांकि मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच होने से दोनों दल के समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावा भी करने लगे हैं। मतदान के तीसरे दिन हालांकि सभी के जुबान पर मतदान चुनाव की चर्चा है कौन जीतेगा, कौन हारेगा और कौन रहेगा, दूसरे नम्बर पर किसका दबदबा रहेगा और जीत हार में कितना अंतर होगा। किसकी शहर सरकार बनेगी तथा किस पार्टी को कितने पार्षद मिलेंगे।

इस पर भी सटोरियेए भी मोल भाव कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक का ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो 15 फरवरी को ही पता चलेगा, लेकिन इतना तय है कि लगभग 70 प्रतिशत मतदान से कइयों के समीकरण बनने व बिगड़ने लगे हैं। अपने-अपने दावे व प्रतिदावों के बीच दोनों ही राजनीतिक दल भारी मतदान को अपने पक्ष में बता रहे हैं।

चुनाव परिणाम को लेकर लोगों के बीच तेज हुई चर्चा

तखतपुर। नगरपालिका चुनाव को लेकर चौक-चौराहों पर राजनीतिक चर्चाएं जोरो पर हैं, मतदाता अपने-अपने हिसाब से प्रत्याशियों को जिताने की बात कर रहे हैं। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष को लेकर कांटे की टक्कर बनी हुई है। नगरपालिका तखतपुर चुनाव परिणामों को लेकर अब राजनीति गर्म होते जा रही है, सट्टा बाजार में दोनों पक्षों पर जमकर दांव लगाया जा रहा है। अध्यक्ष पद के लिए आमने-सामने की टक्कर होने के कारण कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं नगर के 15 पार्षदों में से 2 पार्षदों की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है एवं वहीं 13 पार्षदों में कांटे की टक्कर मानी जा रही है। नगर के चाय ठेले, होटल, पान दुकानों एवं चौक-चौराहों पर नपा चुनाव लोगों के बीच चर्चा का महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। इस बार पिछले पांच वर्षों की अपेक्षा डेढ़ प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। नगरपालिका चुनाव में इस बार प्रत्याशियों ने भारी खर्च भी किया है। ऐसे में दोनों पक्षों से व्यवहार पाने के कारण मतदाताओं ने किस पक्ष में मतदान किया है इसका आंकलन करना मुश्किल हो गया है।

नपा चुनाव में दस हजार पुरूषों व नौ हजार महिलाओं ने किया मतदान

मुंगेली। नगरीय निकाय चुनाव में 10 हजार 176 पुरूषों ने मतदान किया। पुरूषों का मतदान प्रतिशत 71.47 रहा। वहीं 9 हजार 909 महिलाओं ने मतदान किया जिनका प्रतिशत 67.78 रहा। नगर पालिका मुंगेली में मतदान का कुल प्रतिशत 69.60 रहा। शहर में कुल 42 मतदान केंद्र बनाए गये थे। सबसे कम मतदान पं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 62.48 प्रतिशत रहा। जहां 1378 मतदाताओं में से 861 मतदाताओं ने मतदान किया। वहीं सबसे सर्वाधिक मतदान हीरालाल वार्ड में 79.32 प्रतिशत रहा जहां 1030 मतदाताओं में से 817 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

नगर पालिका मुंगेली में वार्डवार मतदान की स्थिति इस प्रकार रही

वार्ड क्रमांक	वार्ड का नाम	कुल मतदाता	कुल मतदान	मतदान प्रतिशत
1	रामगोपाल वार्ड	989	773	78.16
2	सरदार पटेल वार्ड	1077	704	65.37
3	सुभाष वार्ड	1438	1005	69.89
4	महामाई वार्ड	1321	833	63.06
5	शंकर वार्ड	1214	924	76.11
6	परमहंस वार्ड	1466	1073	73.19
7	राजेन्द्र वार्ड	1502	1032	68.71
8	शिवाजी वार्ड	1680	1176	70.00
9	गांधी वार्ड	1060	673	63.49
10	विवेकानंद वार्ड	1184	883	74.58
11	जवाहर वार्ड	1060	784	70.57
12	ठक्करबापा वार्ड	1585	1089	68.71
13	अंबेडकर वार्ड	1624	1080	66.50
14	कालीमाई वार्ड	1490	977	65.57
15	मो. बशीर खां वार्ड	1086	756	69.61
16	कबीर वार्ड	924	635	68.72
17	तिलक वार्ड	1306	970	74.27
18	हीरालाल वार्ड	1030	817	79.32
19	एण्ड्रुज वार्ड	1265	870	68.77
20	महाराणा प्रताप वार्ड	1538	1114	72.43
21	विनोबा नगर वार्ड	1640	1092	66.59
22	पं. दीनदयाल वार्ड	1378	861	62.48
	कुल	28857	20085	69.60

हमेशा कुछ नया करने की सोचें विद्यार्थी

सीपत। लिटिल लर्नर्स स्कूल सीपत में गुरुवार को विज्ञान, गणित कला एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का आ यो ज न किया गया जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित मॉडलों ने अ ति थि यों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

खास बात
- टीआई शतपथी ने किया विद्यार्थियों की प्रदर्शनी का अवलेकन

प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बच्चों द्वारा बनाए गए प्रत्येक विज्ञान मॉडल का बारीकी से अवलोकन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की और उनसे संबंधित सवाल भी पूछे। टीआई सतपथी ने विद्यार्थियों से हमेशा रचनात्मक सोच रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करने यह प्रदर्शनी बेहद जरूरी है। विज्ञान की शिक्षा जरूरी है, विज्ञान के सहारे ही देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थी हमेशा कुछ नया करने की सोचें और इसी में अपनी ऊर्जा को लगाएं। बच्चों को प्रेरित करते हुए टीआई ने कहा आज इनोवेशन का जमाना है। नवाचार को हर क्षेत्र में बढ़ावा मिल रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने विज्ञान के साथ दूसरे क्षेत्रों में भी नवाचार को बढ़ावा देने की जरूरत पर बल दिया। इस दौरान एसआई युगल शर्मा, पत्रकार प्रदीप पांडेय, रियाज अशरफी, हिमांशु गुप्ता, शाला के संचालक आनंद दोरस भी उपस्थित रहे। छठवीं से बारहवी तक के बच्चों ने प्रदर्शनी में वर्किंग मॉडल प्रजेंटेशन दिया।

बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर बीआरसी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

खंड स्त्रोत समन्वयक डीसी डाहिरे डाहिरे ने आगामी मार्च महीने में होने वाली आठवीं बोर्ड परीक्षा को लेकर शिक्षकों एवं शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप ने जानकारी दी कि बच्चों को समय सारिणी बनाकर तैयारी करने, लेखन का ठीक से अभ्यास करने, छोटे टारगेट सेट कर आगे बढ़ने, तनाव नहीं लेने, अंतर देकर सभी विषय पढ़ने संबंधी टिप्स आगंतुक अधिकारी द्वारा दिए गए।

उन्होंने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता को भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। अपने पढ़ाई के दिनों की बात साझा करते उन्होंने हुए कहा कि हमारे समय में बच्चों को आज के जैसी आजादी नहीं थी, बल्कि अभावों में हमने इस स्तर को प्राप्त किया है। लेकिन आपके पास साधन संसाधन की कोई कमी नहीं है। सरकार सराहनीय प्रयास करके बच्चों को साक्षर बनाने पर काम कर रही है। वहीं

क्लास रूमें बच्चों से चर्चा करते अफसर।

शिक्षकों को भी समय तक पढ़ाने और विषय की तैयारी करके कक्षा में जाने की अपील की। शिक्षकों से स्कूल, मध्याह्न भोजन, छात्र उपस्थिति के संबंध में भी बातचीत जानकारी ली गई। प्राथमिक स्कूल सेमरसल में होने कक्षा पांचवी की बोर्ड परीक्षा लिए भी उन्होंने अनेक बिंदुओं को रेखांकित किया। शिक्षकों को विषय का पुनर्स्मरण कराने और प्रतिदिन गृह कार्य देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रधानपाठक आरती गुप्ता, वरिष्ठ शिक्षक राकेश पांडेय, उमाशंकर सिंह, पुष्पा चतुर्वेदी, ललिता शर्मा, स्मिता सिंह, स्वतंत्र ध्रुव सहित कक्षा आठवीं से चैनू, खिलेश्वर, परमेश्वर, पायल, ज्योति, प्रीति, प्रिया, शीतल, खुशी, प्रदीप, अनिल, अभय, जलाल, तेजेश्वर, रिंकू, दीपा, लीला सहित सभी छात्र उपस्थित रहे।

संदीप ने स्वास्थ्य केंद्रों को चिकित्सा उपकरण किए दान

चिकित्सा उपकरण दान देते दानदाता।

तखतपुर। तखतपुर निवासी संदीप सिंह क्षत्रीय ने स्थानीय स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा उपकरणों का दान किया। उनकी धर्मपत्नी निधि क्षत्रीय का सामान्य प्रसव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जरहगांव में सफलतापूर्वक हुआ था, इस दौरान डॉ मीनाक्षी बंजारे और उनकी नर्सिंग टीम ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान की। संदीप सिंह इस टीम के कार्यों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए दान देने का निर्णय लिया। संदीप सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जरहगांव और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दशरंगपुर को डिजिटल ब्लड प्रेशर मशीन, सीलिंग फैन, दीवार घड़ी और एयर ब्लोअर जैसे आवश्यक उपकरणों का दान किया। यह दान उन्होंने डॉ अखिलेश कुमार बंजारे और डॉ मीनाक्षी बंजारे की उपस्थिति में किया। इस सहयोग से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सेवा मिल सकेगी। अस्पताल प्रबंधन ने संदीप सिंह के इस उदारतापूर्ण कदम की सराहना की और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ मीनाक्षी बंजारे ने कहा कि यह दान समाज में सामाजिक जिम्मेदारी और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करता है।

रवींद्र भारती स्कूल में बच्चों को दी गई विदाई

विदाई समारोह में उपस्थित विद्यार्थी।

सेतगंगा/मुंगेली। रवींद्र भारती हायर सेकंडरी स्कूल मदनपुर में 11 फरवरी को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था निर्देशक भूपेंद्र चंद्राकर शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य मनोहर यादव ने की। इस दौरान समस्त शाला स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य व विशिष्ट अतिथि सहित 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही मनमोहक स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही सभी को श्रीफल, पेन, डायरी भेंट के रूप में दी गई। इस अवसर पर बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें 12वीं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 12वीं के विद्यार्थियों ने संस्था में होने वाली पढ़ाई और यहां की सभी गतिविधियों की सराहना की। समस्त शिक्षकों ने बच्चों को आशीर्वचन दिया एवं बच्चों को परीक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। मंच की संचालिका गुनगुन यादव व समस्त 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई देकर सफलता की शुभकामनाएं दी गई।

डीजीपी से मिले कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोदरी

प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को आईपीएस अरुण देव गौतम से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ का नया डीजीपी बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सीएम दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रवि पटेल, मस्तूरी अध्यक्ष डॉ अमितेश्वर टैगवार, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष लखनलाल दुबे उपस्थित रहे।

डीजीपी के मुलाकात करते प्रतिनिधि।

धरमजयगढ़ वनमंडल की ओर रूख किया हाथियों के झुण्ड ने

कोरबा। कोरबा वनमंडल में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कुदमुरा रेंज में विगत कई दिनों से डेरा जमाए 35 हाथियों के झुण्ड ने बुधवार की रात धरमजयगढ़ वनमंडल का रूख कर लिया लेकिन 10 हाथी अभी भी कुदमुरा रेंज के वन परिसर कुदमुरा, कलमीटिकरा एवं गुरमा में डेरा जमाए हुए हैं। जिनकी निगरानी वन अमले द्वारा की जा रही है। बड़ी संख्या में हाथियों के अन्यत्र जाने से वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुछ राहत महसूस की है। इससे पहले 45 की संख्या में हाथी रेंज के कुदमुरा, चचिया, कलमीटिकरा व गुरमा जंगल में विचरण कर रहे थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र...../अ-2/2024-25 ग्राम- सीपत

रामखिलावन पिता राधेश्याम पटेल, निवासी सीपत, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.).....आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन.....अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम सीपत म.न. 04, प.ह.नं 04, रा.नि.मं. व तहसील सीपत जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रामखिलावन पिता राधेश्याम पटेल, निवासी सीपत, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर के द्वारा मौजा सीपत, प.ह.नं 04 रा.नि.मं. व तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 938 रकबा 0.243 हे. में 2180 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 24.02.2025 के लिए नियत है।

अत: जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता प्रमोद पाण्डेकर पिता निर्मल पाण्डेकर निवासी मकान नम्बर 269, दाऊपारा एण्ड्रुज वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. के द्वारा विक्रेता भागवत प्रसाद वल्द अम्बिका प्रसाद गुप्ता साकिन मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. के हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की कृषि भूमि ग्राम नेवासपुर प.ह.नं. 56 रा.नि.म. मुंगेली जिला मुंगेली छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 23/1 शामिल 23/2 रकबा 0.8410 हेक्टेयर जिसके उत्तर में बाईपास रोड, दक्षिण में होरीलाल की भूमि, पूर्व में नहर तथा पश्चिम में परस सप्रे की भूमि है तथा खसरा नम्बर 31/5 शामिल 31/6, 31/7, 31/8, 31/9 एवं 31/10 कुल रकबा 0.3360 हेक्टेयर एवं खसरा नम्बर 87/1 रकबा 0.2910 हेक्टेयर कुल रकबा 1.4680 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय किया जा चुका है जिसका मात्र विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन किया जाना शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय, अंतरण व संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, बीमा कंपनी, साहूकार, वित्तिय संस्थान, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या निजी संस्था व निकाय को कोई उजर दावा व आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे उक्त पते पर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत कर देवें। बाद मियाद पेश की गई कोई आपत्ति, उजर या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार विक्रेता को विक्रय प्रतिफल की राशि अदा कर अपने पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन एवं निष्पादन करा लेवेगा। सो सूचना जाने।

मुंगेली, दिनाक 13.02.2025

भवदीय
शाहिना खान, अधिवक्ता
कबीर वार्ड दाऊपारा, मुंगेली

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

खबर संक्षेप

अवैध शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। सरकंडा और रतनपुर थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरकंडा पुलिस ने सूचना के आधार पर ग्राम चिल्हाटी के श्मशान घाट के पास छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि धनराज रात्रे और धरमजीत रात्रे बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब तैयार कर उसे बेचने की तैयारी कर रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी निलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके से 1160 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 32 हजार रुपए है। इसी तरह रतनपुर पुलिस ने भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संजू कुमार जगत को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर के आंगन से 215 पाव देसी प्लेन शराब 38.7 लीटर और 65 पाव अंग्रेजी शराब 11.7 लीटर जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

चाकू सहित दो आरोपी पकड़े गए

बिलासपुर। सिविल लाइन सीएसपी ने निगम चुनाव के दौरान भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकताओं के बीच हुई जमकर मारपीट की घटना को देखते बीती रात मसानगंज व इमलीपारा रोड में सघन जांच कर दो लोगों को चाकू के साथ पकड़ा गया है। वहीं आधा दर्जन संदिग्ध लोगों को दिन भी थाने में बैठाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया है। ज्ञात हो कि 11 फरवरी को रघुराज स्टेडियम में भाजपा व निर्दलीय प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर मारपीट हुई थी। दोनों एक दूसरे को स्टेडियम में दौड़ाकर मारपीट कर रहे थे। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा था। 15 फरवरी को चुनाव का परिणाम आ जाएगा। इसमें हार जीत को लेकर एक बार फिर दोनों गुटों के बीच विवाद की स्थिति को देखते हुए बुधवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, टीआई एसआर साहू ने बल के साथ मसानगंज, इमलीपारा रोड में सघन जांच की गई। इस दौरान देर रात में घूमने वालों की तलाशी लेकर पूछताछ की गई। जांच के दौरान तालापारा फैजनगर निवासी नुरेईलाही पिता अहमद हुसैन 20 साल व एक नाबालिग के पास चाकू बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है। वहीं आधा दर्जन संदिग्धों को गुरूवार को दिन भी थाने में बैठाकर रखा गया। शाम को विवाद नहीं करने की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। सीएसपी श्री परिहार ने लगातार क्षेत्र में सघन जांच कर संदिग्धों पर कार्रवाई की जाएगी।

लेट लतीफी — उत्कल सहित अन्य ट्रेनों का भी कोई टाइम टेबल निश्चित नहीं, एक माह से यात्रियों को झेलनी पड़ रही परेशानी

चार गुना किराया लेकर भी यात्रियों को गंतव्य तक नहीं पहुंचा पा रही दूरंतो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बर्थ कम होते ही दूरंतो एक्सप्रेस में सफर करने का किराया अधिक है, इसके बाद भी यह ट्रेन कभी समय पर नहीं पहुंची है। पिछले एक माह से यात्रियों को परेशान करने और लेट लतीफी में दूरंतो सहित उत्कल, आजाद हिंद, अहमदाबाद के अलावा हावड़ा से आने वाली दूरी ट्रेनें भी शामिल हैं, जिसका कोई भी टाइम टेबल निश्चित नहीं है।

यात्री ट्रेनों को रेल प्रशासन ने जब से सामान्य रूप से चलाने का काम किया है, तब से कोई भी यात्री ट्रेनें समय पर नहीं चल रही है। वर्ष 2019 तक रेलवे बोर्ड किसी भी ट्रेन के एक मिनट लेट होने पर जोन व डिवीजन अधिकारियों पर तत्काल एक्शन लेती थी, लेकिन वर्तमान में इस तरह की स्थिति नहीं है। ट्रेनों के सामान्य होने के बाद सफर करने वाले यात्रियों की संख्या भी अधिक हो गई है। पिछले दो साल के दौरान हावड़ा-मुम्बई के साथ कटनी से बिलासपुर आने-जाने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी ने यात्रियों को परेशान कर दिया है। यात्री किसी भी ट्रेन में सफर करते हैं, लेकिन समय पर कोई भी ट्रेनें यात्रियों को संबंधित स्टेशन तक नहीं पहुंच पा रही है। प्रतिदिन हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेन बिलासपुर स्टेशन में सुबह के बजाय दोपहर और शाम को पहुंच रही है। इसमें एक दूरंतो एक्सप्रेस भी शामिल है। एसी श्री, टू और वन कोच वाली दूरंतो एक्सप्रेस का स्टापेज दूसरी ट्रेनों की अपेक्षा कम है। इस ट्रेन में बर्थ कम होते ही किराया बढ़ते जाता है। यात्री इस किराए को भी रेल प्रशासन को अदा करते हैं, लेकिन दूरंतो एक्सप्रेस का हाल ऐसा है कि सीएसएमटी से नागपुर और बिलासपुर तक पहुंचने में 10 से 12 घंटे अतिरिक्त लग रहे हैं।

जोन की ट्रेनें राइट टाइम नहीं

दूसरे जोन की ट्रेनों को छोड़ दें तो एसईसीआर बिलासपुर जोनल स्टेशन के बीच चलने वाली ट्रेनों को भी रेल प्रशासन राइट टाइम नहीं चला पा रही है। पिछले एक साल के रेलवे के रिकार्ड में सबसे अधिक विलंब से हावड़ा से पुणे के बीच चलने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस आ रही है। आजाद हिंद एक्सप्रेस के बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचने का अतिरिक्त समय 15 से 20 घंटे लग रहा है। इसके अलावा गुरुवार को भी बिलासपुर आने वाली ज्यादातर ट्रेनों में 22894 हावड़ा-साईं नगर शिरडी एक्सप्रेस ने 4 घंटे, 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस ने 11 घंटे, 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस ने 17 घंटे, 20828 संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस ने 17 घंटे के साथ प्रयागराज के लिए स्पेशल चल रही गोरखपुर-विशाखापट्टनम कुंभ स्पेशल 5 घंटे, 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस 6 घंटे, आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस 5 घंटे से अधिक का समय स्टेशन प्लेटफार्म तक पहुंचने में लगा दिया।

उत्कल का हाल बेहाल

एक्सप्रेस के बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह 9.30 बजे का रहता है, लेकिन ट्रेन शाम को पहुंचती है। हरिद्वार से पुरी और पुरी से हरिद्वार के बीच चलने वाली उत्कल एक्सप्रेस ने भी यात्रियों को हलाकान किया हुआ है। सुबह 9 बजे हरिद्वार से बिलासपुर आने वाली उत्कल दोपहर 2 बजे तक स्टेशन के प्लेटफार्म तक पहुंच रही है।

भूखे प्यासे रहते हैं यात्री

उत्कल और दूरंतो एक्सप्रेस को छोड़कर उसलापुर से रवाना होने वाली बरौनी से गोंदिया एक्सप्रेस और दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस ऐसी ट्रेनें हैं, जिसमें साल भर यात्रियों की काफी भीड़ होती है। रेल नियम के अनुसार 24 घंटे से अधिक सफर तय करने वाली ट्रेनों में पेंट्रीकार की सुविधा दी जानी है, लेकिन इन दोनों ट्रेनों में पेंट्रीकार अब तक नहीं दिया गया है।

सैकड़ों की छूट रही कनेक्टिंग ट्रेनें

ट्रेनों की लेटलतीफी का रिकार्ड बिलासपुर जोन में काफी अच्छा हो गया है। करीब 300 मालगाड़ियों में लोडिंग कर जोन ने 25 हजार करोड़ रुपए कमाया है, जिसमें यात्रियों को परेशान किया गया है। सैकड़ों की संख्या में यात्री प्रतिदिन बिलासपुर स्टेशन तक पहुंच रहे हैं, ताकि वे दूसरी ट्रेन पकड़कर अपने गंतव्य स्टेशन तक जा सकें। एक ट्रेन पहुंचने से पहले ही दूसरी ट्रेन स्टेशन से रवाना हो जा रही है। कनेक्टिंग ट्रेन नहीं मिलने के कारण यात्रियों की बुकिंग की कई कंफर्म टिकिट की राशि भी रेलवे रिफंड नहीं कर रही है।

अब तक समय में सुधार नहीं

रेल प्रशासन ने तीन साल तक अधोसंरचना में रेल लाइन व अन्य कार्यों के नाम से ट्रेनों को रद्द, लेट लतीफी कर काफी परेशान किया, ताकि ट्रेनों के समयबद्धता में सुधार लाया जा सके। इसके लिए दुर्ग से झारसुगुड़ा के बीच खाली एलएचबी कोच की यात्री ट्रेनें 130 किलोमीटर की रफ्तार से चलाकर ट्रायल किया गया। इस ट्रायल के बावजूद अब तक किसी भी ट्रेनों के समय में रेल प्रशासन सुधार नहीं ला पाया।

नाबालिग प्रेमिका को भगाकर ले जाने के लिए सोने का हार चोरी करने की बनाई थी योजना

सोने के हार के लिए की बुआ की हत्या लाश कोठी में छिपाकर जलाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पहले टानिक में चूहामार दवा मिलाकर पिलाई, असर नहीं होने पर की हत्या

माला खरीदने वाला खरीददार युवक पुलिस हिरासत में। इनसेट में मृतिका जामफूल यादव।

नाबालिग भतीजे ने सोने की माला के लिए पहले बेवा बुआ को टानिक में चूहामार दवा पिलाकर जान लेने की कोशिश की। कुछ असर नहीं होने पर उसने घर में सोते समय समय रांपा से बुआ की हत्या कर दी। उसके बाद दोस्तों के सहयोग से लाश घर की कोठी में छिपाकर आग लगाकर जलाने की कोशिश की। पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए भतीजे सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

- भतीजा सहित चार गिरफ्तार

बिल्हा टीआई उमेश कश्यप ने बताया कि 9 फरवरी को पौंसरी निवासी बलदाऊ यादव पिता दुकलहा यादव 55 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी बहन बेवा जामफूल यादव 40 साल बिना बताए कहीं चली गई हैं। पुलिस गुम इंसान कायम कर पतासाजी में जुट गई थी। 11 फरवरी की शाम घरवालों से सूचना मिली कि लापता जामफूल यादव के घर से तेज बदबू आ रही है। पुलिस उनके घर गई तो बाहर से ताला लगा था। ताला तोड़कर अंदर जाकर खोजबीन की तो भगवान रूम की कोठी में किसी का पैर नजर आया। 12 फरवरी को बिल्हा पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ कोठी से महिला की लाश निकली। उसकी पहचान लापता जामफूल यादव के रूप में हुई। जांच के दौरान जानकारी हुई उसके साथ रहने वाला नाबालिग भतीजा छिपकर भाग रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके दो सहयोगी नाबालिगों व चोरी के सोने की माला खरीदने वाले भोजपुरी निवासी देवकुमार उर्फ देवा रात्रे पिता रामप्रसाद रात्रे 35 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

ऐसे दिया वारदात को अंजाम

मृतका जामफूल बाई का बाल विवाह हुआ था। गौना नहीं हुआ था और उनके पति की मृत्यु हो गई थी। वे मायके में अपने छोटे भाई के साथ रह रही थीं। छोटा भाई पत्नी व दो बच्चों को लेकर कमाने खाने बाहर चला गया। उसका एक बेटा नाबालिग अपनी बुआ के साथ रह रहा था और नशेड़ी हो गया था। नशाखोरी करने पर वह डांट फटकार करती थी। टीआई श्री साहू ने बताया, मृतका गले में तीन फर वाले सोने की माला पहनती थी। उस सोने की माला पर नाबालिग भतीजे की नीयत खराब हो गई थी। सोने की माला के लिए उसने अपनी बुआ को टानिक में चूहामार दवा मिलाकर पिलाई। कुछ असर नहीं होने पर 6 फरवरी को सोने के दौरान उसने रांपा के बेठ से सिर पर हमला कर हत्या कर दी और सोने की माला निकालकर रख लिया। उसके बाद लाश पूजा रूम की कोठी के नीचे छिपाकर जमीन में लगे खून साफ कर दिया। दूसरे दिन अपने दो दोस्तों को बुलाकर लाश कोठी में डालकर उसके ऊपर रेत व मिट्टी डाल दी। 7 फरवरी को उसने घर में आग लगाकर लाश जलाने की कोशिश की। किन्तु पास में रहने वाले उसके बड़े पिता व पड़ोसियों ने पानी डालकर आग बुझा दिया था।

8 हजार रुपए में बेची माला

बुआ की हत्या करने के बाद आरोपी ने उनकी सोने की माला भोजपुरी निवासी देवकुमार उर्फ देवा रात्रे के पास बेच दिया था। उसने पहले से रात्रे के पास मोबाइल रखकर 5 हजार रुपए उधार लिया था। इससे रात्रे ने अपना 5 हजार रुपए काटकर उसे मात्र 3 हजार रुपए दिया था।

प्रेमिका को भगाने की थी योजना

टीआई श्री साहू ने बताया, पूछताछ में दोस्तों ने बताया, आरोपी नाबालिग का गांव की एक नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध था। उसने उसे गांव से भगाकर ले जाने के लिए बुआ के सोने की माला चोरी की योजना बनाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

लोफंदी महुआ शराब पीने का मामला

मृत चार लोगों का हुआ पोस्टमार्टम, बिसरा प्रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम लोफंदी में महुआ शराब पीने के बाद इलाज के दौरान 9 लोगों की मौत हो गई। इसमें से मात्र 4 मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। उसमें भी डाक्टर मृत्यु का स्पष्ट कारण नहीं बता पाए हैं। चारों का बिसरा प्रिजर्व कर फोरेंसिक विभाग को जांच के लिए भेज दिया गया है। 5 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग मृत्यु के स्पष्ट कारण का पता नहीं लगा पाया है।

- रिपोर्ट का पता नहीं
- एक मरीज अब भी वेंटिलेटर में

8 फरवरी को बेतलरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोफंदी निवासी ग्राम लोफंदी के सरपंच रामाधार सुनहरे का भाई रामू सुनहले 55 साल की मृत्यु हो गई थी। 9 फरवरी की सुबह घरवाले उनका अंतिम संस्कार करने लेकर जा रहे थे। गांव के लोगों ने कोनी पुलिस को सूचना दी। रामू सुनहले की महुआ शराब पीने से मृत्यु हो हुई और बिना पोस्टमार्टम के उसका अंतिम संस्कार करने ले जाया जा रहा है। पुलिस ने अंतिम संस्कार रोककर उसका पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान गांव वालों ने जानकारी दी पिछले तीन दिन में महुआ शराब पीने से गांव के 7 लोगों की मौत हो गई और बिना पोस्टमार्टम के उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। उसके बाद गांव जिला प्रशासन, स्वास्थ विभाग, पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि महुआ शराब बनाने वाले हरिजन मोहल्ला निवासी कोमल लहरे की भी शराब पीने से मौत हो गई है। उसके बाद इलाज के दौरान बुधराम पटेल, पवन कश्यप व एक अन्य की मौत हो गई थी। पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया, किन्तु पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टरों मृत्यु का स्पष्ट कारण बताया और सभी का बिसरा प्रिजर्व कर दिया। चारों के बिसरा के जांच के लिए फोरेंसिक विभाग में भेजा गया है। संवेदनशील मामला होने पर भी विभाग 5 दिन बीत जाने के बाद भी मृत्यु के स्पष्ट कारण नहीं बता पाई है। जबकि फोरेंसिक विभाग के द्वारा दूसरे दिन गांव में जाकर मृतकों के घरो से जहां उल्टी की थी, उसकी मिट्टी जांच के लिए ली गई थी।

सिम्स में मरीज का चल रहा इलाज।

4 दिन में 22 लोगों का हुआ बयान

एसपी रजनेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली सीएसपी अक्षय प्रमोद साभद्रा के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम बनाई थी। दूसरे दिन से टीम गांव में कैम्प कर जांच में जुट गई थी। बताया जाता है बीते 5 दिन में मृतका के परिजन व गांव 22 लोगों का बयान दर्ज किया गया है। जिसमें गांव के लोगों ने महुआ शराब पीने के बाद मृतकों की तबियत खराब होने व इलाज के दौरान मृत्यु होने की बात कही है। उसके बाद भी उक्त मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

वेंटीलेटर में एक ग्रामीण

9 फरवरी को महुआ शराब पीने से पीड़ित गांव के 4 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। 10 फरवरी को एक मरीज की स्थिति खराब होने पर उसे रायपुर अम्बेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो मरीज डोमर पटेल, देवी प्रसाद पटेल को छुट्टी दे दी गई है। एक मरीज अंजनी पटेल में सिम्स के वेंटीडेटर में जीवन मृत्यु के बीच जंग लड़ रहा है।

नहीं मिली है एफएसएल रिपोर्ट

मामले की जांच चल रही है, पीड़ित लोगों का बयान दर्ज किया गया है। फोरेंसिक विभाग के द्वारा मृतकों के बिसरा सहित अन्य पार्ट्स व सामान जब्त किया गया है। एफएसएलएल रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। जांच में समय लगेगा।

-नवीन कुमार देवांगन, कोनी टीआई

नगरीय निकायों में मतगणना कल सुबह 9 बजे से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव के बाद मतों की गणना 15 फरवरी को की जाएगी। जिला मुख्यालय के कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में नगर निगम के मतों की गिनती होगी। जिले की अन्य निकायों में गिनती स्थानीय स्तर पर चयनित स्थलों पर की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतगणना कार्य में लगे कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण 13 फरवरी को दिया गया। दूसरा और अंतिम प्रशिक्षण उन्हें 14 फरवरी को मतगणना स्थल पर दिया जाएगा।

- नगर निगम के मतों की गणना कोनी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी

मतगणना कार्य के लिए सहायक रिटर्निंग अफसरों और उनकी सहयोगी टीम को 13 फरवरी गुरुवार को जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा भवन में मास्टर ट्रेनर ने सघन प्रशिक्षण दिया। उन्हें सैद्धांतिक नियम कायदों के अलावा हैंण्ड्स ऑन प्रशिक्षण दिया गया।

सबसे पहले निर्वाचन कर्तव्य मतपत्रों की होगी गणना

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर ने मतगणना के पूर्व तैयारी, जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र की गणना, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, विभिन्न प्रपत्रों को भरने की व्यवस्था आदि की जानकारी दी। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम एवं मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के बारे में बताया गया। निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र एवं कंट्रोल यूनिट के मतों की काउंटिंग की प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के मतों की गणना शुरू की जाएगी।

प्रशिक्षण में रिर्टिनिंग अफसर आरए कुरूवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, सभी एसडीएम, तहसीलदार और मतगणना से जुड़े कर्मचारी मौजूद थे।

70 वार्डों की गणना के लिए 70 टेबल लगाए गए

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर निगम के मतों की गणना कोनी के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। मतगणना सुबह 9 बजे से शुरू होगी। यहां 6 कमरों में 76 टेबल लगाए जाएंगे। 70 वार्डो की गणना के लिए 70 टेबल तथा ज्यादा ईव्हीएम वाले वार्डो के लिए 6 अतिरिक्त टेबल की व्यवस्था की गई है। शासकीय कर्मचारियों द्वारा डाले गए ईडीसी वोट की गिनती के लिए 2 अलग टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल में दो वरिष्ठ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायक शामिल हैं। प्रशिक्षण स्थल में हैंड्स ऑन ट्रेनिंग (खुद करके देखना) के जरिए प्रशिक्षणार्थियों ने मतगणना के बारे में सीखा।

एचओजी से संचालित की जा रहीं ट्रेनें

बिलासपुर। रेलवे ने पुराने और नीले कोच वाली ट्रेन के कोच को चेंज करते हुए एलएचबी कोच से परिचालन करना शुरु कर दिया है, जिसमें ट्रेनों का संचालन हेड ऑन जनरेशन प्रणाली से करते हुए रेलवे ने पिछले तीन साल में 25 करोड़ रुपए से अधिक की बचत की है। सुविधाओं की बढ़ती मांग जैसे वातानुकूलन प्रणाली और ऑन बोर्ड पेंट्रीकार सेवा वाले कोच के साथ ही गति क्षमता में वृद्धि ने एक प्रणाली को अपनाने पर जोर दिया, जिसे एंड ऑन जनरेशन प्रणाली कहा जाता है। एंड ऑन जनरेशन प्रणाली में ट्रेन के दोनों सिरों पर एक कोच पावर कार में 500 केवीए के दो डीजल जनरेटर सेट लगे होते हैं। यह डीजी सेट विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए डीजल ईंधन का उपयोग करते हैं, जिससे 3 फेज 750 वोल्ट का उत्पादन होता है। इस ऊर्जा का उपयोग कोच में विद्युत उपकरणों के संचालन के लिए किया जाता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन में 22 ट्रेनें थी, जो पहले एंड ऑन जनरेशन यानि सेल्फ जनरेशन प्रणाली पर चलती थी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

टीआई चुनाव ड्यूटी में, रिपोर्ट लिखाने बाद में आना कहकर लौटा दिया

बिलासपुर। दिनदहाड़े एक ग्रामीण के घर से पेटी का ताला तोड़कर साढ़े तीन लाख रुपए चोरी कर लिया गया। ग्रामीण कोनी थाना रिपोर्ट लिखाने गया तो उसे डीओ अधिकारी ने टीआई साहब चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, बाद में रिपोर्ट लिखाने आना कहकर बैरंग लौटा दिया। तीन दिन चक्कर लगाने के बाद उसके घर से साढ़े तीन लाख की बजाए 1 लाख रुपए की चोरी की एफआईआर लिखकर खानापूर्ति कर ली गई है।

- कोनी क्षेत्र के कछार में हुई थी चोरी

कोनी क्षेत्र के ग्राम कछार निवासी अनिल कुमार बघेल पिता नाथूराम बघेल 34 साल ने बताया कि वे आटो चलाते हैं। खेत बेचकर 3.50 लाख रुपए उन्होंने घर में एक पेटी में रखा था। 10 जनवरी की दोपहर वे आटो चलाने चले गए थे। घरवाले सामने के दरवाजे में ताला लगाकर घर से बाहर गए थे। घरवाले आए तो पेटी का ताला टूटा मिला। उसमें रखे 3.50 लाख रुपए गायब थे। श्री बघेल ने बताया कि वे चोरी की रिपोर्ट लिखाने कोनी थाने गए तो डीओ अधिकारी ने उन्हें टीआई साहब चुनाव ड्यूटी में व्यस्त हैं, बाद में रिपोर्ट लिखाना कहकर बिना रिपोर्ट लिखे लौटा दिया। वे रिपोर्ट लिखाने थाने का चक्कर लगाने लगे, तो उनसे लिखित में घर से 3.50 लाख रुपए नकद चोरी होने की शिकायत लेकर चलता कर दिया गया। श्री बघेल ने बताया, 12 फरवरी को उन्हें थाने में बुलाया गया और 1 लाख रुपए चोरी की रिपोर्ट लिखने की बात कही गई।

थानों में नहीं लिखी जा रही एफआईआर

आईजी, एसपी लगातार थानेदारों को थाने में पहुंचने वाले पीड़ितों की शिकायत सुनने के बाद तत्काल एफआईआर लिखकर कार्रवाई का आदेश दे रहे हैं। उसके बाद भी पीड़ितों की थाने में एफआईआर नहीं लिखी जा रही है। थाने का चक्कर लगवाने के बाद थानेदार अपनी मर्जी से लोगों की एफआईआर दर्ज कर रहे हैं।

विरोधाभास होने से समय लगा

पीड़ित ने चोरी के संबंध में विरोधाभाषी जानकारी दी, जिससे जांच करने में समय लगा है। घटना के लिए थाने में कोई विवेचक नहीं था। जांच के लिए स्टाफ को उसके घर भेजा गया था। चोरों की पतासाजी की जा रही है।

-नवीन देवांगन, कोनी टीआई